




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 63 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 03 दिसम्बर 2025 डाक 04 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

प्रयागराज में माघ मेला 2026 के हिस्से के तौर पर गंगा नदी के किनारे साधु पूजा करते हुए...



**देश-विदेश**

पादरी बन मतांतरण का संगठित गिरोह चलाता था जितेंद्र चौराहे पर पंडाल लगाकर करता था ईसाई धर्म का प्रचार



**फीचर पेज**

संतरे को लंबे समय तक ताजा रखने के लिए अपनाएं ये तरीके




## संजौली मस्जिद विवाद : हाई कोर्ट का यथास्थिति बनाए रखने का आदेश, निचली अदालत ने सुनाया था गिराने का फैसला



**शिमला, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला की संजौली मस्जिद के मामले में बुधवार सुबह हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने मस्जिद की निचली दो मंजिल को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। कोर्ट में मामले में अगली सुनवाई मार्च में होगी। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दूसरी मंजिल से ऊपर की मंजिलें गिरानी होगी। जिन मंजिलों को गिराने का वादा खुद किया था, उन्हें गिराना ही होगा। यदि नहीं गिराई तो नगर निगम इन्हें गिराने के लिए स्वतंत्र होगा। संजौली मस्जिद मामले में वक्फ बोर्ड की ओर से जिला अदालत के मस्जिद को ढहाने के आदेश के खिलाफ हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में दायर याचिका की गई थी। जिस पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस याचिका पर न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की एकलपीठ ने सुनवाई की। इससे पहले सोमवार हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट की खंडपीठ ने हिमाचल प्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा बहुचर्चित संजौली मस्जिद को अवैध ठहराते हुए ढहाने के आदेश के खिलाफ दायर रिट याचिका को खारिज कर दिया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड ने इस रिट याचिका को वापस लेने का आग्रह किया था। जिस विवाद के कारण याचिका दायर की गई थी उसी को आधार बनाकर उपयुक्त याचिका दायर करने की छूट मांगी थी। इस याचिका में नगर निगम शिमला को प्रतिवादी बनाया गया है। 30 अक्टूबर को संजौली मस्जिद मामले में शिमला जिला अदालत ने फैसला सुनाया था।

## विपक्षी नेताओं ने जॉइंट स्ट्रैटेजी पर चर्चा के लिए पार्लियामेंट में की मीटिंग

**नईदिल्ली।** कई विपक्षी पार्टियों के नेता बुधवार को संसद में विंटर सेशन के लिए अपनी जॉइंट स्ट्रैटेजी पर चर्चा करने के लिए मिले। कांग्रेस, DMK, RJD, SP, JMM, CPI-M, CPI, IUML, NCP-SP, और SS-UBT समेत कई पार्टियों के फ्लोर लीडर्स मीटिंग में शामिल हुए, जबकि तृणमूल कांग्रेस इसमें शामिल नहीं हुई। TMC, विंटर सेशन के पहले दिन 1 दिसंबर को हुई विपक्षी नेताओं की पिछली मीटिंग में भी शामिल नहीं हुई थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे, खड़गे के चैंबर में हुई मीटिंग में मौजूद थे। मीटिंग के दौरान, नेताओं ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि उनकी एकता और सरकार पर लगातार दबाव ने उसे एसआईआर समेत चुनाव सुधारों पर चर्चा की उनकी मांग मानने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने संसद के सुचारू कामकाज की भी मांग की, और कहा कि इसे पक्का करना सरकार की ज़िम्मेदारी है।

## भावनगर के कॉम्प्लेक्स में लगी भीषण आग बिल्डिंग में 15 अस्पताल, सभी मरीजों को बचाया गया



**नई दिल्ली।** गुजरात के भावनगर के व्यस्त काला नाला इलाके में स्थित एक पैथोलॉजी लैब में आग लग गई। आग लगने से वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया। स्थानीय लोग तुरंत हरकत में आए और बच्चों और बुजुर्गों को बचाने और निकालने लगे। फायर टीमें मौके पर हैं। स्थानीय लोगों और अग्निशमन विभाग ने बचाव अभियान चलाया। घटना के विवरण के अनुसार, कालूभर रोड स्थित समीप कॉम्प्लेक्स में आज सुबह करीब 9 बजे आग लग गई। चूंकि कॉम्प्लेक्स में करीब 10-15 अस्पताल हैं, इसलिए अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम पहुंच गई। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय युवा मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया गया। ग्निशमन विभाग की टीम और स्थानीय युवक परिसर में स्थित अस्पताल में फंसे मरीजों को निकालने के काम में जुटे रहे। दमकल की गाड़ियां आग बुझाने का काम कर रही हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई और दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचकर युद्धस्तर पर आग पर काबू पाने का काम शुरू कर दिया।

## काशी-तमिल संगमम् के पहले दिन सीएम की सुरक्षा में चूक, मंच तक पहुंचा सिरफिरा



**वाराणसी 3 दिसम्बर।** काशी-तमिल संगमम् के पहले दिन नमो घाट पर मुख्यमंत्री की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई। एक सिरफिरा युवक चीखते-चिल्लाते हुए भीड़ से आगे बढ़ा तो सुरक्षाकर्मियों के अलर्ट होने तक मंच के करीब जा पहुंचा। हालांकि, उसे मुख्यमंत्री के करीब पहुंचने से पूर्व ही कमांडोज ने दबोच लिया। युवक का मेडिकल परीक्षण कराने पर चिकित्सकों ने उसकी मानसिक दशा ठीक नहीं बताई तो उसे इलाज के लिए मानसिक अस्पताल भेज दिया गया। सुरक्षा में हुई चूक की इस घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां सीएम सुरक्षा की पुनर्समीक्षा में जुट गईं। मंगलवार शाम नमो घाट पर तमिल संगमम् का मंच सजा था। जहां पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आसीन थे। उसी वक्त एक युवक चीखते हुए मंच की ओर भागा तो लोग डर गए। हालांकि उसके दोनों हाथ खाली रहे, लिहाजा उसे कमांडोज ने गन प्वाइंट पर लेने के बजाए घेरकर कब्जे में लेना जरूरी समझा। तीन से चार मिनट लगे होंगे और कमांडो दस्ते ने सिरफिरे को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।पूछताछ में पता चला कि चौबेपुर कस्बा निवासी युवक जोगिंदर गुप्ता वाराणसी सिटी स्टेशन पर पानी बेचता है। वह घटना के समय अत्यधिक नशे में था। एसीपी विदुष सक्सेना ने बताया कि जोगिंदर शराब का अत्यधिक सेवन करने के कारण मानसिक तनाव से भी जूझ रहा है। मेडिकल परीक्षण में उसमें तनाव को देखते हुए मानसिक चिकित्सालय भेज दिया गया है, जहां डाक्टर उसकी जांच कर रहे हैं। चौबेपुर से पहुंची मां कुसुम देवी ने बताया कि जोगिंदर लंबे समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ है।

### साइक्लोन दित्वाह का असर

## तमिलनाडु में झमाझम बारिश, कई जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद



**चेन्नई, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

साइक्लोन दित्वाह भले ही कमजोर होकर गहरे दबाव और फिर लो-प्रेशर एरिया में बदल गया हो, लेकिन इसका असर अब भी तमिलनाडु में भारी बारिश के रूप में जारी है। राज्य के कई हिस्सों में तेज बारिश और तूफानी हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। कल्लाकुरिची, तिरुकोइलूर, मनालुरपेट्टई और तिरुपलापंडल में कल रात से लगातार तेज बारिश और गरज के साथ तूफान बना हुआ है। लगातार पानी गिरने से निचले इलाकों में जलभराव बढ़ गया है और लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## हिंदू देवी-देवताओं का मजाक उड़ाकर फंसे सीएम रेवंत रेड्डी, बीजेपी बोली- कांग्रेस में हिंदुओं के लिए नफरत



**नईदिल्ली 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी अपने बयानों को लेकर विवाद में फंसते दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि रेवंत रेड्डी ने हिंदू धर्म देवताओं का मजाक उड़ाया है। जिस पर भाजपा और बीआरएस ने आपत्ति जताई है और रेड्डी से इसको लेकर तुरंत माफी मांगने को कहा।

दरअसल, एक कार्यक्रम के दौरान तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा, हिंदू कितने भगवानों में विश्वास करते हैं? क्या तीन करोड़ हैं? इतने सारे क्यों हैं? कुंवारे लोगों के लिए एक भगवान हैं - हनुमान। दो बार शादी करने वालों के लिए एक और भगवान हैं और शराब पीने वालों के लिए एक अलग भगवान हैं। मुर्गी की बलि के लिए एक अलग है, दाल और चावल के लिए भी एक है। हर एक समूह का अपना एक भगवान है। हिंदू देवी-देवताओं को लेकर दिए इस टिप्पणी ने राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया है। विवादास्पद टिप्पणी की विपक्षी भाजपा और बीआरएस ने निंदा की और तत्काल माफी मांगने को कहा। विपक्ष ने तुरंत इस टिप्पणी को हिंदू आस्था और रीति-रिवाजों के मूल सिद्धांतों का मजाक बताते हुए इसका विरोध किया। केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा के पूर्व प्रमुख बंदी संजय कुमार ने सोशल मीडिया पर विरोध जताते हुए कांग्रेस पार्टी पर हिंदुओं के प्रति गहरी नफरत रखने का आरोप लगाया।

केंद्रीय मंत्री बंदी संजय ने कहा, मैं मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा हिंदुओं और हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने वाली टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता हूं। कांग्रेस हमेशा से एआईएमआईएम के आगे झुकने वाली पार्टी रही है। रेवंत रेड्डी ने खुद कहा था कि कांग्रेस एक मुस्लिम पार्टी है। यह बयान ही उनकी मानसिकता को उजागर करता है। कांग्रेस हिंदुओं के प्रति गहरी नफरत रखती है। उन्होंने आगे कहा, यही वजह है कि हमने जुबली हिल्स उपचुनाव के दौरान चेतावनी दी थी कि अगर कांग्रेस या बीआरएस गलती से जीत गए, तो हिंदू सम्मान के साथ घर से बाहर नहीं निकल पाएंगे। मंत्री संजय ने हिंदू समुदाय से एकजुट होने का आग्रह किया और कहा कि कांग्रेस की हिंदुओं और हिंदू देवताओं के प्रति नफरत अब उजागर हो गई है। हिंदू समुदाय के लिए गंभीरता से सोचने का समय आ गया है। क्या आप विभाजित रहेंगे और अपमान सहते रहेंगे, या आप एकजुट होंगे और अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे?

## राजौरी में रेलिंग से टकराई तेज रफ्तार कार हादसे में दो लोगों की मौत और तीन घायल



**जम्मू, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जम्मू के राजौरी में चिंगस के पास एक हादसा हो गया। यहां एक गाड़ी के पैरापेट से टकराने से दो लोगों की मौत हो गई, वहीं तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसे को लेकर अधिकारियों ने बताया कि एक स्विफ्ट कार जम्मू से राजौरी की ओर जा रही थी, तभी सुबह करीब 4.30 बजे चिंगस के पास एक पैरापेट से टकरा गई। उन्होंने बताया कि टक्कर लगने से दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत आगे के इलाज के लिए GMC राजौरी ले जाया गया। मृतकों की पहचान नायक सिंह (53) पुत्र पूरन सिंह निवासी वारीपट्टन और मोहम्मद याकूब (45) पुत्र मोहम्मद फजल निवासी सैला सुरनकोट के रूप में हुई है। घायलों की पहचान मोहम्मद फारूक पुत्र मोहम्मद फजल निवासी सैला सुरनकोट, ड्राइवर मोहम्मद सगीर पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी दिगवार पुंछ और मोहम्मद मुश्ताक पुत्र फजल हुसैन निवासी काकोरा मंजाकोट के रूप में हुई है। इस बीच, पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है।

## श्रीगंगानगर में ट्रेनिंग के दौरान इंदिरा गांधी नहर में डूबा सेना का टैंक, जवान की मौत



**नई दिल्ली।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में मिलिट्री एक्सरसाइज के दौरान बड़ा हादसा हो गया। जहां इंदिरा गांधी नहर में इंडियन आर्मी का एक टैंक डूब गया। इस दर्दनाक हादसे में आर्मी के एक जवान की मौद हो गई। दरअसल, यह घटना मंगलवार सुबह की है। जब सैनिक को जब टैंकों से नहर पार करने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। यह अभ्यास श्रीगंगानगर के इंदिरा गांधी नहर में हो रही थी। इस दौरान टैंक में दो सैनिक मौजूद थे।टैंक जैसे ही नहर के बीचों-बीच पहुंचा, वह तेजी से पानी में डूबने लगा। एक जवान तो किसी तरह बाहर निकल आया, लेकिन दूसरा फंस गया। कई घंटों के ऑपरेशन के बाद सैनिक का शव निकाला गया।सूचना मिलने पर, पुलिस के साथ-साथ स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स और सिविल डिफेंस की टीमें मौके पर पहुंचीं और शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि बुधवार को शव का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि एक रूटीन ट्रेनिंग एक्सरसाइज चल रही थी जिसमें बख्तरबंद गाड़ियां (टैंक) नहर पार करने की प्रैक्टिस कर रही थीं, तभी टैंक बीच में फंस गया और डूबने लगा। टैंक में दो सैनिक मौजूद थे। एक बाहर निकल आया जबकि दूसरा फंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## बांग्लादेशियों को पकड़ने के लिए ज़ोरदार छापेमारी, 21 संदिग्ध हिरासत में



**भुवनेश्वर, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें उनके देश वापस भेजने के लिए जगतसिंहपुर पुलिस द्वारा जोरदार छापेमारी जारी रही है। तरिकुंद हाई स्कूल के पीछे स्थित दरियापुर बस्ती में पुलिस ने छापेमारी कर 21 बांग्लादेशी संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें उनके देश भेजने के उद्देश्य से जगतसिंहपुर पुलिस की ओर से कल देर रात यह अभियान चलाया गया। तरिकुंद कॉलेज के पीछे दरियापुर बस्ती में छापेमारी की गई, जहां से 21 संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया। अतिरिक्त एसपी सत्यव्रत दास के नेतृत्व में करीब दो प्लाटून फोर्स और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस छापेमारी में शामिल थे। लगभग 20 घरों में जांच की गई, जिसमें से 15 पुरुष और महिलाएं तथा 6 छोटे बच्चों को शक के आधार पर उठाकर पूछताछ की जा रही है। उन्हें बिरीडी-बागलपुर में खोले गए चक्रवात राहत आश्रय स्थल में रखा गया है।

सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों से वहां पश्चिम बंगाल के पहचान पत्र धारक लोग रह रहे थे। वे फेरी व्यवसाय सहित विभिन्न व्यवसायों में लगे थे। इससे पहले भी धनिपुर-बेहरामपुर बस्ती और तरिकुंद कॉलेज के पीछे स्थित बस्ती में जांच की गई थी। बेहरामपुर में छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार जब्त किए गए थे।यह भी सामने आया था कि सिकंदर आलम उर्फ़ सिको उन्हें वहां लाकर आश्रय दे रहा था। दोनों बस्तियों से 30 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर जांच की गई थी, जिसमें 20 लोगों को बांग्लादेशी के रूप में पहचाना गया था और उन्हें बांग्लादेश भेज दिया गया था। पारादीप में भी जांच के दौरान 3 लोगों को शक के आधार पर हिरासत में लिया गया लेकिन वे पश्चिम बंगाल क्षेत्र के मत्स्यजीवी निकलने पर उन्हें छोड़ दिया गया।



## एलपीजी सिलेंडर से बेकरी में लगी आग, दमकलकर्मियों ने किया काबू

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब के विजयपुर स्थित बेकरी में देर रात बेकरी में रखे एलपीजी सिलेंडर से आग लग गई। दुकान से लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। सूचना दमकल को दी गई। मौके पर पहुंची दमकल ने लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## जय गुरुदेव के अनुयायियों की बस डिवाइडर से टकराई, एक श्रद्धालु की मौत



**शाहजहांपुर 3 दिसम्बर।** मथुरा से जय गुरुदेव के अनुयायियों को लेकर लखीमपुर जा रही निजी बस बुधवार सुबह कांट के अकर्रा रसूलपुर गांव के पास डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में चहलुआ गांव निवासी भगौती प्रसाद की मृत्यु हो गई। जबकि आठ घायल हो गए, जिन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। आशंका जताई जा रही है चालक को झपकी आने की वजह से हादसा हुआ है। गांव से लखीमपुर के चहलुआ गांव से 40 लोग मथुरा में जयगुरुदेव के सत्संग में शामिल होने गए थे। बुधवार सुबह वापस जा रहे थे। हादसे के बाद चालक भाग गया। उसके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## आरबीआई की एमपीसी बैठक शुरू, मजबूत जीडीपी और घटती महंगाई के बीच रेपो दर पर रहेगी नजर



**नईदिल्ली 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारतीय रिजर्व बैंक की तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक आज से शुरू हुई। एमपीसी के सदस्य जीडीपी वृद्धि और महंगाई के नवीनतम आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए मौद्रिक नीति की भावी दिशा पर विस्तृत चर्चा करेंगे। नीतिगत नतीजों की घोषणा आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार सुबह 10 बजे करेंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब भारत का आर्थिक प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है और महंगाई में तेजी से गिरावट आई है। चालू वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही, जुलाई-सितंबर की अवधि में जीडीपी का आंकड़ा 8.2 प्रतिशत पर रहा। वहीं महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार भारत की खुदरा महंगाई अक्तूबर 2025 में तेजी से गिरकर 0.25 प्रतिशत पर आ जाएगी। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय बैंक इस बैठक में रेपो दर को अपरिवर्तित रख सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमें उम्मीद है कि आरबीआई दिसंबर 2025 में रेपो दर को 5.50 प्रतिशत पर स्थिर रखेगा। साथ ही रुख को तटस्थ बनाए रखने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है और यह आरबीआई के अपने अनुमानों से भी नीचे आ सकती है।

संभावित ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश के बावजूद, आरबीआई आगामी नीति समीक्षा में सतर्कता बरत सकता है। इस बीच वर्तमान स्थिति को देखते हुए केयरएज रेटिंग्स के एमडी और ग्रुप सीईओ मेहुल पंड्या ने बताया कि मजबूत जीडीपी वृद्धि और कई वर्षों से कम महंगाई दोनों ही ब्याज गर निर्णयों के लिए विपरित संकेत देते हैं। उन्होंने कहा कि ये दोनों घटनाक्रम ब्याज दर के दृष्टिकोण से परस्पर विरोधी ताकतें हैं। केंद्रीय बैंक आमतौर पर जीडीपी वृद्धि द्वारा दर्शाई गई मजबूत आर्थिक गतिविधि की अवधि के दौरान ब्याज दरों में कटौती नहीं करते हैं। साथ ही, केंद्रीय बैंक आमतौर पर कम महंगाई वाले माहौल में ब्याज दरों में कटौती करके प्रतिक्रिया देते हैं।

# विंटर सीजन में और दिक्कतें बढ़ी कोरबा में श्वसन रोगियों की

## डॉक्टरों ने कहा- भरपूर सतर्कता बरतने की है जरूरत

**कोरबा।** औद्योगिक जिले कोरबा में मशीनीकरण के बीच प्रदूषण की उपस्थिति सर्वकालिक समस्या बनी हुई है। इसके समाधन पर संक्षिप्त कोशिश जारी है और इधर राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाने की परंपरा भी। हालत यही की ठंड के मौसम में प्रदूषण का दायरा बढ़ रहा है और श्वसन रोगी मुश्किल में है। अस्पतालों की ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। कोरबा जिले में नेशनल थर्मल पावर, सीएसईबी ,भारत एल्युमिनियम कंपनी, अदानी पावर सहित अनेक उद्योग संचालित है।

बिजली उद्योग चिमनियों के धुएं और कोयला ख़दानों की डस्ट कोरबा जिले में वायु प्रदूषण की स्थिति को लगातार बढ़ाने का काम कर रही है। औद्योगिक विकास की चकाचौंध के बीच इससे उतपन्न समस्या लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर भी डाल रही है। प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर हमने मेडिकल कॉलेज कोरबा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शशिकांत भास्कर से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में कोहरा के साथ डस्ट मिलकर गम्भीर स्थिति पैदा करती है। इसके कारण बच्चों से लेकर उम्र दराज लोगों को समस्या होती है । डॉ शशिकांत ने बताया कि साइनस एलर्जी और अस्थमा जैसे मामलों में समस्याएं इस मौसम में ज्यादा बढ़ती है। जबकि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग निमोनिया की जद में आ जाते हैं। मौजूदा स्थिति में इनहेलर वाले केस की संख्या बढ़ी है।

कोरबा जैसे प्रदूषण जनित क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को लेकर चिकित्सकों ने लोगों को सावधान किया है। उनका कहना है कि ऐसे लोगों को गर्म पानी का उपयोग करने से लेकर अपने खान-पांन के मामले में विशेष सतर्कता दिखानी चाहिए। व्यापक संदर्भ को देखते हुए लोगों को जागरूक करने के इरादे से पिछले कई वर्षों से 2 दिसंबर को प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जा



रहा है। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ इस बात को स्वीकार करते हैं कि वैश्विक परिदृश्य में वायु प्रदूषण आज सबसे बड़ा साइलेंट किलर' बन चुका है। इससे दिल, फेफड़े, आँखें और दिमाग तक प्रभावित होते हैं। लगातार बढ़ता धुआं, धूल और रसायन बच्चों और बुजुर्गों के लिए और भी ज्यादा नुकसानदेह है। अस्थमा, एलर्जी, हार्ट अटैक और कैंसर तक का खतरा बढ़ रहा है। इस तरह की तमाम परिस्थितियों में प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाने की सार्थकता तब साबित होगी जब हर कोई अपने आसपास के खतरों को समझें और उसके हिसाब से व्यवहार करें ।



## पाली तहसील में अवैध धान जब्ती की कार्रवाई - 600 क्विंटल धान जब्त

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कोरबा श्री अजीत वंसत के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली श्री रोहित सिंह के मार्गदर्शन में तहसील पाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मादन स्थित शुभम अग्रवाल के दुकान एवं गोदाम में संयुक्त रूप से दबिश दी गई। इस कार्यवाही में तहसीलदार पाली श्री भूषण सिंह मंडावी, नायब तहसीलदार सुश्री राशिका अग्रवाल, हल्का पटवारी, खाद्य निरीक्षक श्री रविराज पाली और मंडी उपनिरीक्षक श्री दिनेश कुमार व श्री आकाश भारद्वाज कटघोरा उपस्थित रहे।

तहसीलदार पाली एवं राजस्व टीम द्वारा मादन स्थित गोदाम एवं दुकान से कुल 1500 बोरी (लगभग 600 क्विंटल) धान जब्त किया गया। गोदाम क्रमांक 01 एवं 02 से कुल 520 क्विंटल पतला धान और 80 क्विंटल मोटा धान जब्त कर सील किया गया तथा सुपुर्दगी शुभम अग्रवाल को दी गई। उक्त धान को मंडी अधिनियम के तहत जब्त कर कार्यवाही की गई।इसके अतिरिक्त, पाली तहसील में पहले ही 1011 क्विंटल अवैध धान जब्ती की जा चुकी है। इस प्रकार की कार्रवाई क्षेत्र में निरंतर जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की अवैध धान संचयन की गतिविधियों को कड़ाई से रोका जाएगा।



## अवैध रेत परिवहन पर पाली तहसील प्रशासन की कार्रवाई

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा श्री अजीत वसंत के निर्देशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली श्री रोहित सिंह के मार्गदर्शन में तहसील पाली क्षेत्रान्तर्गत अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई की गई। तहसीलदार पाली श्री भूषण सिंह मंडावी एवं नायब तहसीलदार पाली सुश्री राशिका अग्रवाल के नेतृत्व में हल्का पटवारी तथा राजस्व विभाग की टीम ने गौण खनिज (रेत) का अवैध परिवहन करते हुए 04 ट्रैक्टर-ट्राली को मौके पर पकड़कर थाना प्रभारी पाली के सुपुर्द किया है। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि सभी वाहनों में बिना रॉयल्टी के रेत का परिवहन किया जा रहा था। इसी प्रकार पिछले सप्ताह भी बिना वैध दस्तावेजों एवं बिना रॉयल्टी के रेत परिवहन करने पर 06 ट्रैक्टरों की जब्ती कर उन्हें थाना प्रभारी पाली को जांच हेतु सुपुर्द किया गया था। प्रशासन द्वारा बताया गया है कि अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी सतत जारी रहेगी।

### एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र की प्रभावित महिलाओं का आंदोलन तहसीलदार के ठोस आश्वासन पर अस्थायी विराम

**कुसमुंडा कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में अपनी पुश्तैनी ज़मीन कोयला खदानों को देने वाली विस्थापित महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे अनिश्चितकालीन आंदोलन को प्रबंधन और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद फिलहाल एक महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है आंदोलन के दूसरे दिन कुसमुंडा प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन ने भूविस्थापित महिला नेताओं गोमती केवट सरिता इंद्रा को गिरफ्तार कर दर्री तहसील में पेश किया ।

दमनकारी कार्रवाई और आश्वासन

आंदोलन से घबराए एसईसीएल प्रबंधन और प्रशासन ने दमनकारी कार्यवाही करते हुए महिलाओं की आवाज़ को दबाने का प्रयास किया जिन किसानों की ज़मीन से आज देश और राज्य को रोशनी मिल रही है और सबसे ज़्यादा राजस्व प्राप्त हो रहा है उन्हीं भूविस्थापित महिलाओं पर इस प्रकार की कार्यवाही चिंतनीय विषय है ।दर्री तहसील में तहसीलदार ने आंदोलनकारी महिलाओं को ठोस आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि एक महीने के भीतर भूविस्थापितों के रोज़गार, बसाहट, पुनर्वास और अन्य समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा इस आश्वासन के बाद महिला नेताओं को मुचलके पर रिहा कर दिया गया ।

झूठा आश्वासन साबित न हो, महिलाओं की चेतावनी

गिरफ्तार हुईं गोमती केवट, सरिता इंद्रा सहित अन्य महिलाओं ने रिहा होने के बाद स्पष्ट किया कि यह आश्वासन केवल खानापूर्ति नहीं होना चाहिए उन्होंने तहसीलदार से साफ़ कहा कि अगर उनकी रोज़गार, पुनर्वास सहित अन्य माँगें एक महीने के भीतर पूरी नहीं हुईं और यह आश्वासन झूठा साबित हुआ, तो वे एक महीने के बाद फिर से आंदोलन करने को मजबूर होंगी ।रोज़गार के लिए संघर्षभूविस्थापित महिलाओं का संघर्ष उन किसानों का दर्द बयां करता है जिनकी ज़मीन पर कभी हल चला करती थी और आज वे अपनी ही ज़मीन एसईसीएल को समर्पित करने के बाद रोज़गार के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं एसईसीएल प्रबंधन द्वारा किसानों की समस्याओं को सुलझाने के बजाय प्रशासन का उपयोग कर उनकी आवाज़ को दबाने का प्रयास मानवीय व नैतिक मूल्यों के विपरीत है । भूविस्थापित महिलाओं ने प्रशासन से अपील की है कि वे अपनी निर्दय व बेरहम छवि को छोड़कर जिनके त्याग पर यह क्षेत्र प्रगति कर रहा है उनके प्रति न्यायपूर्ण रवैया अपनाएँ और तत्काल उनकी समस्याओं का समाधान करें ।

## अमीन भर्ती 7 दिसंबर को 9502 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**कोरबा।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर की ओर से आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को आयोजित है। दोपहर 12 बजे से 2:15 तक का समय निर्धारित है। इसके लिए 31 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 9502 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पीजी कॉलेज को मार्गदर्शन केंद्र बनाया है। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले सुबह 11:30 मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा।

## एड्स के बारे में खुलकर बात करने प्रेरित किया

**कोरबा।** गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल अरदा में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विश्व एड्स दिवस मनाया गया। छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता के जरिए जागरूकता का संदेश दिया। आयोजन में व्याख्याता एमएस कंवर, प्रीतम राजवाड़े, प्रकाश पडवार, आरपी साहू ने एड्स कैसे फैलता है, बचाव के उपाय, यौन शिक्षा क्यों जरूरी है, दूषित इंजेक्शन का प्रयोग, टेटू द्वारा असुरक्षित यौन संबंध के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान भाषण व क्विज प्रतियोगिता की गई, जिसमें व्याख्याता प्रकाश पडवार ने सभी छात्रों को एड्स के बारे में खुलकर बात करने प्रेरित किया।

## अमीन भर्ती परीक्षा 07 दिसंबर को

**कोरबा ।** छ0ग0 व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा 07 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 02.15 बजे तक जिले के 31 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जायेगी। जिसमें कुल 09 हजार 502 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस हेतु परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय ई्व्हीपीजी महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केन्द्र बनाया गया है। जिसका संपर्क नंबर 9827488964 एवं 9826331942 है।

संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा। परीक्षार्थियों के लिये निर्देश जारी किया गया है कि परीक्षा दोपहर 12 बजे से 02.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व 11.30 बजे बंद कर दिया जायेगा। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचेंगें ताकि सभी अभ्यर्थिओं का मेटल डिटेक्टर तथा फ्रिस्किंग जांच किया जा सके। परीक्षार्थी को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनना होगा। फूट बियर के रूप में चप्पल पहनेंगे। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउज, स्कार्फ, बेल्ट, दोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जायेगी। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड द्वारा सभी केन्द्रों में जैमर लगाया गया है।

### छत्तीसगढ़ में मतदाता नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर का संशोधित कार्यक्रम जारी '

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर चलाए जा रहे निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में आयोग द्वारा संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के प्रारूप का प्रारंभिक प्रकाशन 16 फरवरी 2025 को किया जाएगा। इसी प्रकार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन की तिथि 14 फरवरी 2026 (शनिवार) को निर्धारित किया गया है।



### अविवादित नामांतरण, नक्शा बटांकन एवं अविवादित बंटवारा प्रकरणों के शीघ्र निराकरण में प्रगति लाएँ - कलेक्टर

**कोरबा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निराकरण में तीव्र गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित मामलों का समय पर निराकरण राजस्व व्यवस्था की पारदर्शिता और सुगमता के लिए अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने बैठक में अविवादित एवं विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बटांकन, अभिलेख शुद्धता, ई-कोर्ट प्रकरण सहित सभी प्रकार के राजस्व प्रकरणों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की ।उन्होंने अविवादित नामांतरण के लंबित आवेदनों पर विशेष ध्यान देते हुए निर्देश दिया कि सभी तहसीलदार आगामी 15 दिनों के भीतर विशेष प्रयास कर प्रगति सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वसंत ने नक्शा बटांकन और अविवादित बंटवारा से संबंधित प्रकरणों में भी पर्याप्त प्रगति लाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि 3 से 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत किया जाए, ताकि नागरिकों को समयबद्ध समाधान उपलब्ध हो सके। कलेक्टर ने मसाहती ग्रामों के सर्वे एवं नक्शा प्रकाशन की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि नक्शा प्रकाशन के कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने भू अभिलेख से संबंधित कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने और अद्यतन अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

भू अर्जन, व्यपवर्तन, डिजिटलीकरण और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा

बैठक में कलेक्टर ने भू अर्जन, व्यपवर्तन, त्रुटि सुधार, डिजिटल सिग्नेचर, किसान किताब, आधार सीडिंग, स्वामित्व योजना तथा वन अधिकार पट्टा वितरण जैसे विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इन प्रकरणों के शीघ्र एवं पारदर्शी निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।बैठक में अपर कलेक्टर श्री देवेन्द्र पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा श्री तन्मय खन्ना, प्रशिक्षु आईएएस श्री क्षितिज गुरभेले, सभी एसडीएम, भू-अभिलेख प्रभारी अधिकारी, अधीक्षक भू अभिलेख, सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### मादन में गोदाम से 18 लाख का 600 क्विंटल धान जब्त

कोरबा। पाली के ग्राम पंचायत मादन में राजस्व की टीम ने प्रशासन की टीम ने दो गोदामों में छापामार कार्रवाई की। यहां से 600 क्विंटल धान जब्त कर गोदाम को सील कर दिया है। धान की कीमत समर्थन मूल्य के हिसाब से 18 लाख 60 हजार रुपए होती है। पाली तहसील में पहले भी अलग-अलग गांवों में 1011 क्विंटल धान की जब्ती की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के बाद प्रशासन की टीम अवैध धन खरीदी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। ग्राम मादन स्थित शुभम अग्रवाल के दुकान और गोदाम में जांच की। तहसीलदार पाली भूषण सिंह मांडवी, नायब तहसीलदार राशिका अग्रवाल, खाद्य निरीक्षक रविराज, मंडी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार और आकाश भारद्वाज ने जांच की। जांच में पाया कि बिना मंडी लाइसेंस के ही धान की खरीदी की जा रही है। एक गोदाम से 520 क्विंटल पतला धान और दूसरे गोदाम से 80 क्विंटल मोटा धान जब्त किया। किराना दुकानों में बिना लाइसेंस के ही धान की खरीदी हो रही है।

### एसआईआर: गलत जानकारी नहीं भरने की अपील की गई

**कोरबा।** राज्य में 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि को देखते हुए मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवंबर से जारी है। निर्वाचकों को गणना प्रपत्र का वितरण कर लिया है।

## बेहतर समर्थन मूल्य और आधुनिक खरीदी व्यवस्था से किसान उमेंद सिंह उत्साहित



**कोरबा ।** जिले में धान खरीदी के सुचारू संचालन का लाभ किसानों को तेजी से मिल रहा है। इसी क्रम में रिस्दी के किसान श्री उमेंद सिंह धान उपार्जन केंद्र नकटीखार में अपने मेहनत से उपजाए 60 क्विंटल धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष धान बेचने का अनुभव पहले से कहीं अधिक आसान रहा। विशेष रूप से टोकन तुंहर हाथ मोबाइल ऐप के माध्यम से घर बैठे टोकन प्राप्त होने से उन्हें किसी भी प्रकार की प्रतीक्षा या परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

किसान ने बताया कि वे खेती-किसानी के जरिए अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं और लगभग 4 एकड़ कृषि भूमि पर खेती करते हैं। इस वर्ष उनकी धान की फसल अच्छी हुई है, जिसका श्रेय वे आधुनिक खेती पद्धतियों और सरकार की सुविधाओं को देते हैं। उमेंद्र राम का कहना है कि सर्वाधिक मूल्य पर धान खरीदी की स्थायी व्यवस्था ने किसानों में न केवल भरोसा बढ़ाया है, बल्कि खेती के प्रति रुचि भी मजबूत की है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी उन्होंने 60 क्विंटल धान विक्रय किया था एवं धान बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग उन्होंने समय पर खाद, बीज और कीटनाशक दवाओं की खरीदी में किया, जिसका सकारात्मक परिणाम इस वर्ष की अच्छी पैदावार के रूप में सामने आया है। किसान उमेंद्र राम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के लिए दी जा रही सुविधाएँ सराहनीय हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल की प्रशंसा करते हुए बताया कि राज्य में कृषकों के हित में किए जा रहे कार्यों से किसानों का मनोबल बढ़ा है। ऐसी सुव्यवस्थित धान खरीदी की व्यवस्था से किसान संतुष्ट और खुश हैं। सरकार द्वारा दिए जा रहे बेहतर समर्थन मूल्य और सुविधाजनक खरीदी प्रक्रिया को लेकर उन्होंने विशेष धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इन प्रयासों से किसानों को अपनी मेहनत का पूरा मूल्य मिल रहा है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना पत्रक न जमा करने वाले मतदाताओं की सूची होगी प्रकाशित

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत द्वारा सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित निर्देश जारी किए गए हैं, जिसकी प्रति संबंधित अधिकारियों को प्रेषित की गई है, का पालन सुनिश्चित किया जाए।निर्देशानुसार ऐसे सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र के विधिवत भरे हुए गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण कर लिया है, उन्हें अब उन मतदाताओं की सूची तैयार करनी होगी जिनके गणना पत्रक विभिन्न कारणों से एकत्र नहीं हो पाए हैं। इस सूची में अनुपस्थित, स्थानांतरित, डुप्लीकेट एवं मृतमतदाताओं को एएसडी सूची में चिह्नित किया जाएगा।निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तैयार की गई यह सूची संबंधित मतदान केंद्रों तथा ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी, ताकि ऐसे सभी मतदाता जिन्हें गणना पत्रक जमा करने में असुविधा हुई है।

## पीएम आवास के नाम पर पैसा मांगने पर होगी एफआईआर, कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, योजनाओं की प्रगति तथा राजस्व एवं जनकल्याण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने सभी विभागों को लक्ष्यों की पूर्ति तथा पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



पीएम आवास योजना में अनियमितता पर करे कठोर कार्रवाईकलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि आवास समय-सीमा के भीतर पूर्ण हों। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी हितग्राही से आवास स्वीकृति या निर्माण के नाम पर राशि मांगने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई जाए। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को पीएम आवास हितग्राहियों की शिकायतें नियमित रूप से सुनने के निर्देश देते हुए नागरिकों से अपील की कि यदि कोई भी व्यक्ति योजना के नाम पर धन की मांग करता है, तो इसकी सूचना जिला पंचायत सीईओ अथवा एसडीएम को दें।एसआईआर पुनरीक्षण-गणना पत्रक वितरण के बाद जमा न होने वाले प्रकरणों पर नोटिस जारी करने के निर्देशकलेक्टर ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने असंग्रहित गणना पत्रकों के मामलों में संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर दावा-आपत्ति प्राप्त करने तथा जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत एवं वार्ड कार्यालय जैसे सार्वजनिक स्थलों पर सूचियां चस्पा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनआईसी वेबसाइट पर सूची अपलोड करने तथा एक सप्ताह के भीतर डिजिटाइजेशन कार्य में प्रगति लाने पर जोर दिया।अवैध धान परिवहन रोकथाम-जांच नाकों पर सख्त निगरानी के निर्देशबैठक में धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जाँच नाकों में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी गंभीरता के साथ अवैध धान परिवहन रोकने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने संवेदनशील धान खरीदी केंद्रों पर एसडीएम, तहसीलदार सहित निरीक्षण दलों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों से जब्त धान की सुपुर्दगी के बाद उसकी पुनः रिसाइक्लिंग कर उपार्जन केंद्रों में विक्रय न हो सके, इसके लिए सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने हाथी प्रभावित क्षेत्रों में धान का समय पर उठाव, किसानों के फोटो को ऐप में अपलोड करने, सभी सीसीटीवी को क्रियाशील रखने और पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक वंचित किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बिना नंबर वाले वाहनों पर परिवहन विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई करने के निर्देश भी एसडीएम को दिए गए।आंगनबाड़ी से इस वर्ष स्कूल जाने वाले बच्चों के जाति प्रमाणपत्र बनाए जाएंगेकलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ को निर्देशित किया कि इस वर्ष आंगनबाड़ी से विद्यालय प्रवेश हेतु जाने वाले बच्चों की सूची एसडीएम को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने फरवरी माह तक इन बच्चों के जाति प्रमाणपत्र तैयार करने की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।रिमेडियल कक्षाएं प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देशकलेक्टर ने दसवीं कक्षा के कमजोर विद्यार्थियों के लिए 22 दिसंबर से रिमेडियल कक्षाएं प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्धारित स्थान पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा छात्र-छात्राओं के लिए पृथक आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए।

## कैबिनेट मंत्री देवांगन ने मनोरंजन सुविधा का किया शुभारंभ,लोगों को सहुलियत

**कोरबा ।** कोरबा अंचल बुधवारी बाजार के पास अमन फन मेला का अत्यंत भव्य और उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। शहरवासियों की भीड़, बच्चों की मुस्कान और रंगीन रोशनी के बीच पूरा माहौल उत्सव सा सजीव हो उठा। मेले में लगाई गई आकर्षक राइड्स, रोमांचक झूले, गेम्स और स्वादिष्ट फूड ज़ोन सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए खास आकर्षण साबित हो रहे हैं।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मेले न केवल शहर को मनोरंजन का माध्यम प्रदान करते हैं, बल्कि सामाजिक मेल-मिलाप, पारिवारिक जुड़ाव और सांस्कृतिक वातावरण को भी मजबूत बनाते हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, कैबिनेट मंत्री के निज सचिव नरेंद्र पटनवार, मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा, राकेश राठौर, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी लकी नंद, पार्षद अजय चंद्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मेले का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की सराहना की और आयोजकों को शुभकामनाएँ दीं। मेले में मिनी ट्रेन, ब्रेकडांस, ड्रैगन राइड, हवाई झूला, ट्रैम्पोलिन, बच्चों के स्पेशल गेम ज़ोन, बड़ों के लिए शूटिंग, रिंग गेम, एडवेंचर चैलेंज और परिवारों के लिए अनेक आकर्षक झूले लगाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और पार्किंग की उत्कृष्ट व्यवस्था ने भी आगंतुकों को प्रभावित किया।

## दिव्य ज्योति हॉस्टल: यहां के बच्चे सरकारी सेवाओं में भी

**कोरबा।** एक टीचर और एक रसोइयां से 17 विशेष बच्चों की शिक्षा का दायित्व 27 साल पहले वर्ष 1998 में शुरू करने वाले रोटरी क्लब ऑफ कोरबा के सिंगापुर स्थित दिव्य ज्योति हॉस्टल में 125 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जबकि इनकी जिम्मेदारी उठाने वाले टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ की संख्या 15 हो गई है। इसकी नींव क्लब के सक्रिय सदस्य रहे डॉ. प्रदीप क्षेत्रपाल और उनकी पत्नी रीता क्षेत्रपाल ने रखी थी। इन स्पेशल बच्चों को बेहतर तालीम देने डॉ. प्रदीप क्षेत्रपाल नित नए प्रयोग करते रहे, जो उनके निधन के बाद भी यहां रहने वाले विशेष बच्चों को ही नहीं, वरन सामान्य बच्चों को भी यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से मिल रहा है। यहां से निकले बच्चे आज भारतीय रेलवे, पशु चिकित्सा विभाग, डाकघर बिलासपुर समेत बालको जैसे संस्थानों में सेवा दे रहे हैं। शिक्षा के साथ ही बच्चों को पेंटिंग, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, नृत्य-संगीत, सिलाई कढ़ाई के साथ ही विभिन्न गतिविधियों में भी पारंगत बनाया जाता है।

## सुरक्षा सिर्फ नियम नहीं, कार्य संस्कृति का हिस्सा: मिश्रा

**गेवरा-दीपका।** एसईसीएल के खान सुरक्षा पखवाड़ा में एसईसीएल दीपका एरिया प्रबंधन अपने माइंस में शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हासिल करने और हादसे को रोकने श्रमिकों को सुरक्षित कार्यशैली अपनाने प्रेरित करेंगे। दीपका एरिया जीएम संजय मिश्रा ने कहा कि सुरक्षा सिर्फ नियम नहीं है, यह कार्य संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा है।



दीपका विस्तार परियोजना में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने 14 दिसंबर तक खान सुरक्षा पखवाड़ा में प्रशिक्षण व निरीक्षण गतिविधियों को शामिल किया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए कोयला कर्मियों के तकनीकी ज्ञान को बढ़ाना भी है। 8 दिसंबर को सुरक्षा निरीक्षण किया जाएगा। इसी के तहत विद्युत व मशीनरी सुरक्षा, बेल्ट संचालन, ओबी परिवहन और कर्मचारियों की सुरक्षा किट की जांच की जाएगी। सुरक्षा प्रतिज्ञा, सुरक्षा संगोष्ठी, पोस्टर प्रतियोगिता, फील्ड लेक्चर और मशीनरी सेफ्टी जांच जैसे कार्यक्रम होंगे। प्रबंधन की गाइडलाइन के अनुसार ही सभी विभागों को सुरक्षा मानकों का कठोरता से पालन करने निर्देशित किया है। दीपका एरिया के जीएम संजय मिश्रा ने ध्वजारोहण व कॉरपोरेट गीत के बाद खान सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस मौके पर एसईसीएल दीपका एरिया के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# कनई गांव में दो बहनों की जल समाधि

**जांजगीर-चांपा।** जिले में कुएं में गिरने से दो चचेरी बहनों की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र कनाई गांव की है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम करीब 5 बजे छह वर्षीय अस्मिता और चार वर्षीय प्रिंसी अपने घर की बाड़ी में खेल रही थीं। लगभग आधे घंटे बाद जब वे दिखाई नहीं दीं, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की।

आसपास और पड़ोसियों से पूछने पर भी उनका कोई पता नहीं चला। आशंका होने पर परिजनों ने बाड़ी में बने कुएं में देखा, जहां दोनों बहनें बेहोशी की हालत में मिलीं। उन्हें तत्काल जांजगीर के जिला अस्पताल ले जाया गया।

डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों बच्चियों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल के मॉर्चुरी में रखवाया है। मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।



# जनदर्शन में समस्याएं लेकर पहुंचे लोग, समाधान की आस




**सक्ती।** जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने जिले के दूर-दराज इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण के लिए 31 आवेदन प्राप्त हुए।

इस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्टोरेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर जल्द नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जनदर्शन में तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत ग्राम सकरेली (बा.) निवासी जगदीश प्रसाद ने उनके निजी भूमि पर किशन लाल पिता घसियाराम केंवट व खूबुराम पिता घसियाराम केंवट द्वारा अवैध कब्जा कर उसमें खड़ी की गई दीवार हटाने के संबंध में, तहसील जैजैपुर ग्राम काशीगढ़ निवासी कमला बाई चंद्रा ने रकबा जुड़वाने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम अखराभांठा के पार्षद हुलास देवांगन ने ग्राम अखराभांठा के हितग्राहियों को राशन लेने में हो रही परेशानी दूर करने, तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम आमापाली निवासी हीरा लाल साहू ने स्वामित्व खाता व भूमि को अलग अलग पंजीयन के संबंध में, तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम खम्हारिया निवासी बीरबल साहू (सरपंच) ने ग्राम पंचायत खम्हारिया के डोलोमाइट माइंस के ओवरलोड ट्रक वाहनों को बाईपास पंडरिया जंगल के रास्ते चलाने के संबंध में, तहसील चन्द्रपुर अंतर्गत चंद्रपुर निवासी जुगल किशोर अग्रवाल ने अवैध मकान निर्माण को तुड़वाकर जान माल की सुरक्षा प्रदान करने के सबंध में, तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम रायपुरा निवासी दुलौरिन बाई ने भूमि संबंधी विवाद में सुरक्षा व न्याय के संबंध में, तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम कैथा निवासी मनाराम जायसवाल ने कलार समाज को आबंटित धर्मशाला भूमि पर से कब्जा हटाने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम सिंघरा निवासी हरीश रात्रे ने ग्राम सिंघरा को उप तहसील बनाने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम मसनिया खुर्द निवासी दयाराम सिदार ने वन भूमि पट्टे की जमीन का धान बेचने के लिए पंजीयन करवाने के संबंध में सहित अन्य विभिन्न आवेदकों ने साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया।

## पिकअप में लोड अवैध लकड़ी से बने तख्त पकड़ाए

**रायगढ़।** चालक के पास तख्तों से संबंधित कोई कागजात नहीं मिले, जिसके बाद वाहन को जब्त कर चालक समेत बेलादुला डिपो लाया गया।

चालक के पास तख्तों से संबंधित कोई कागजात नहीं मिले, जिसके बाद वाहन को जब्त कर चालक समेत बेलादुला डिपो लाया गया।छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में मंगलवार देर शाम उड़न दस्ता टीम ने एक पिकअप में लोड अवैध लकड़ी से बने तख्तों को जब्त किया। जिसके बाद इन्हें बेलादुला डिपो लाया गया है। मामला रायगढ़ वन परीक्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, उड़न दस्ता को सूचना मिली थी कि अवैध लकड़ी से बने तख्त पिकअप में भरकर रायगढ़ की ओर लाए जा रहे हैं। इसके बाद टीम ने पटेलपाली क्षेत्र में दबिश देकर वाहन को रोका। पिकअप में बड़ी संख्या में तख्त लोड मिले।

# कोसला सोसायटी में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ

**कोसला।** सेवा सहकारी समितियों में धान खरीदी केन्द्रों का शुभारंभ किया गया। सेवा सहकारी समिति कोसला में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े की उपस्थिति में हुआ। सांसद ने धान खरीदी केंद्र में एक किसान के धान से भरा बोरे को इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन से तौलकर खरीद की शुरुआत की।

उन्होंने कहा हमारी सरकार में किसानों के धान का एक-एक दाना खरीदा जाएगा और उन्हें अपने परिश्रम का उचित मूल्य भी दिया जाएगा। कोसला धान खरीदी केंद्र में सुदृढ़ व्यवस्था को देखकर अतिथियों ने समिति की तारीफ भी की। समिति के प्रबंधक रितेश तिवारी ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, भाजपा नेता संतोष कुमार लहरे, जिला उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ठाकुर, पामगढ़ शाखा प्रबंधक भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्यास वर्मा, मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू, महामंत्री सुधीर तिवारी, मानेश जांगड़े, उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, पूर्व प्रबंधक त्रिलोकी नाथ तिवारी, गंगा राम टंडन, कांग्रेस नेता नीरज खूंटे, कृषि विस्तार अधिकारी एडी खरे, राम खिलावन वर्मा, कोसला सरपंच राजकुमार नारंगे, भंवतरा सरपंच राजाराम कश्यप, फिरत राम कुर्मी, बसंत कुमार साहू, चौथराम बघेल, अवधेश कुमार साहू, भीमबली नायक मौजूद रहे।



## अवैध महुआ शराब फैक्ट्री पर दबिश, 190 लीटर शराब जब्त

**सक्ती।** आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई के बीच अवैध महुआ शराब कारोबारी अब जंगलों और नालों में छिपकर शराब उत्पादन करने लगे हैं।

इसी क्रम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम जुड़गा में नाले के किनारे अवैध महुआ शराब बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही है। सूचना पर आबकारी टीम ने स्थल पर दबिश दी। टीम को आता देख कुछ संदिग्ध व्यक्ति मौके से भाग निकले। दबिश के दौरान 7 चलती हुई महुआ शराब भट्टियां बरामद की गईं, जिनमें शराब तैयार की जा रही थी। साथ ही झाड़ियों में छुपाकर रखी गई लगभग 190 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। इसके अलावा शराब निर्माण में उपयोग होने वाले 45 बोरियों में भरा 1125 किलोग्राम महुआ लाहान का सैंपल लेने के बाद नष्ट किया गया। बताया गया कि इस लाहान से सैकड़ों लीटर महुआ शराब तैयार की जानी थी।

## प्राचार्य और शिक्षकों ने लगाए बादाम, आम के पौधे



**आमनदुला।** सकर्रा स्थित गुंजन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य एस.के. कमलेश और व्याख्याता संतोष कुमार गवेल ने 8 बादाम, 1 आवला, 1 नींबू, 1 कलमी आम, अमरूद, कटहल सहित कई पौधे लगाए। इस अवसर पर संचालक मंडल की उषा सोनी, श्रीदेवी सोनी, नवनीत सोनी, प्रधानपाठिका सुधा देवांगन, ईला देवांगन और शिक्षिकाएं पूजा श्रीवास, हेमलता देवांगन, आराधना सिदार, सेवन्तिका चंद्रा, हीरा यादव, रोशनी साहू, दुलेश्वरी चंद्रा, कल्पना सोनवानी, सीमा यादव, रोशनी यादव, रंजना साहू, हीना रात्रे, प्रकाश साहू, जितेंद्र सोनवानी, गुलशन दास महंत और धनेश महंत उपस्थित रहे।

# लक्ष्य तब मिलेगा जब आप हटेंगे मोबाईल से



**अकलतरा।** महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य विद्यासागर महाराज से दीक्षित एवं आचार्य समय सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री धर्म सागर महाराज और मुनि श्री भाव सागर महाराज का मंगल प्रवेश मंगलवार को पामगढ़ (जिला जांजगीर-चांपा) में हुआ। नगर में मुनिसंघ का आगमन एक ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है क्योंकि यह अवसर 12 वर्ष बाद आया है।

पामगढ़ में आहारचर्या संपन्न होने के बाद मुनिसंघ ने दोपहर 2 बजे पदविहार प्रारंभ किया। पदयात्रा ग्राम पकरिया (झूलन) होते हुए बनाहिल स्थित श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय पहुंची। महाविद्यालय परिसर में संचालक डॉ. जे.के. जैन और सचिव अंकित जैन ने मुनिसंघ से आशीर्वाद प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुनि श्री 108 भाव सागर महाराज ने कहा कि वर्तमान युग में शिक्षा का महत्व बढ़ रहा है, लेकिन इसके साथ प्रतिस्पर्धा भी बढ़ती जा रही है।

उन्होंने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग को गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि इसका दुष्प्रभाव जीवन पर पड़ता है। छात्रों को मोबाइल का सीमित उपयोग करने, जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मुनि श्री ने माता-पिता और गुरुओं के सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि गुरु ही जीवन में अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। उन्होंने भक्ति के महत्व पर कहा कि भक्ति तन, मन, वचन और जीवन को सफल बनाती है। यह अमृत रस है, जो शरीर, मन और आत्मा को शुद्ध करता है। भक्ति से समाज और परिवार में शांति आती है और मोक्ष का द्वार खुलता है। उन्होंने कहा कि तल्लीनता से भक्ति करने से जीवन में आनंद, उत्साह और सफलता प्राप्त होती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह, स्टाफ और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

12 वर्ष बाद नगर में मुनिसंघ का प्रवेश मुनि धर्म सागर महाराज और मुनि भाव सागर महाराज का सिवनी (मध्य प्रदेश) से सम्मेदशिखर तीर्थक्षेत्र (झारखंड) के लिए पदविहार जारी है। अब तक 500 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी हो चुकी है। मुनिसंघ का सन 2013 में नगर में आगमन हुआ था। 12 वर्ष बाद 3 दिसंबर को तरौद, मिनीमाता चौक, अग्रसेन चौक, अंबेडकर चौक, शास्त्री चौक और बजरंग चौक होते हुए सुबह 9 बजे जैन मंदिर में आगमन होगा। जैन समाज द्वारा मुनिसंघ के स्वागत की जोरदार तैयारी की जा रही है।

# सिलादेही में सबसे पहले पीतांबर ने 24 कट्टी धान बेचा



**बिर्रा।** ग्राम सिलादेही में धान उपार्जन केंद्र का शुभारंभ मां धनवंतरी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। बम्हनीडीह भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा किसानों के हित में काम करती है और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार ने किसानों के धान की हर दाना खरीदी सुनिश्चित की है।

कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति के सदस्यों ने मंचस्थ अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया। इस दौरान प्रथम किसान पितांबर पटेल ने 24 कट्टी (9 क्विंटल 60 किलो) धान बेचकर केंद्र से लाभ प्राप्त किया। इसके अलावा किसान मोहित साहू ने 66 कट्टी (26 क्विंटल 40 किलो) धान केंद्र को सौंपा। समिति ने प्रथम किसान को सांत्वना राशि और मिठाई देकर सम्मानित किया।भाजपा जिलामंत्री सोनू जायसवाल ने कहा प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से हमेशा किसानों के पक्ष में निर्णय लिए गए हैं। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष होरी लाल कलार ने भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में धान खरीदी को किसान हितैषी कदम बताया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल मंत्री भुवन साहू, सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार पटेल, फिरतराम साहू, लक्ष्मी नारायण तिवारी, बबला तिवारी, रितेश तिवारी, धान खरीदी प्रभारी शैलेन्द्र पटेल, सह प्रभारी शिवलाल कश्यप, कम्प्यूटर ऑपरेटर मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।

## विधायक धर्मजीत ने छात्राओं को बांटी साइकिल सकरी8 घंटे पहले

**सकरी।** ग्राम गोकुलपुर के हाईस्कूल में सरस्वती योजना के तहत छात्राओं को साइकिल बांटी गई। इसमें मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक डॉ. धर्मजीत सिंह रहे। उन्होंने कहा कि यह योजना बेटियों के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि सरकार की हर योजना का केंद्र बिंदु बेटियों का सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य है। इस अवसर पर विधायक ने विद्यालय परिसर में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पहले कई छात्राएं दूरी की वजह से स्कूल नहीं आ पाती थीं, लेकिन अब यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो रही है। कार्यक्रम को प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ के कार्यकारी सदस्य दिनेश राजपूत, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, विशाल विक्की सिंह, जिला पंचायत सभापति भारती माली, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।



## केलो नदी के किनारे कचरा फेंक रहे हैं मोहल्ले के लोग

**रायगढ़।** नगर निगम केलो नदी को साफ रखने करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है और पुल व मरीन ड्राइव में जाली लगाकर रोकने का प्रयास कर रहा है। लेकिन बेलादूला छोर के मोहल्लेवासी नदी किनारे कचरा फेंक रहे हैं, जो पानी में गिर रहा है। कचरा फेंकने वालों पर चलानी कार्रवाई होनी चाहिए।

-रोशन मेहर

# प्रत्येक जीव का चरम लक्ष्य आनंद ही: स्वामी युगल

**चांपा।** हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहे जगद्गुरू श्री कृपालु जी महाराज के प्रमुख प्रचारक स्वामी युगल शरण जी के प्रवचन के दूसरे दिन उन्होंने जीव, जगत और भगवान के अनंत रहस्यों पर प्रकाश डाला। स्वामी जी ने कहा कि विश्व का प्रत्येक जीव मूलत: आस्तिक है, क्योंकि सभी कर्मों का अंतिम प्रयोजन आनंद है। कोई भी जीव बिना प्रयोजन कार्य नहीं करता। दर्शनशास्त्र कहता है- प्रयोजनमनुद्दिश्य मंदोऽपि न प्रवर्तते। उन्होंने बताया कि मानव के सभी कर्म, चाहे शारीरिक हों या मानसिक, आनंद प्राप्ति के लिए होते हैं। हम कहते तो हैं कि मैं आत्मा हूं, लेकिन अनुभव न होने से स्वयं को शरीर मान बैठे हैं।

जब मनुष्य अपने वास्तविक स्वरूप को नहीं जानता, तब वह शरीर-सुख में ही लक्ष्य खोजता है। स्वामी जी ने हँसी में कहा- जो अपने आपको नहीं जानता, वह संसार रूपी पागलखाने का पागल है, और संत भी पागल हैं, पर उनका पागलपन भगवान के लिए है। स्वामी जी ने स्पष्ट किया कि भगवान ही हमारा सच्चा, नित्य और निस्स्वार्थ संबंधी है, क्योंकि माता-पिता, पति-पत्नी, भाई-बहन सभी संबंध शरीर तक सीमित और स्वार्थयुक्त हैं, जबकि भगवान अनादि-अनंत उपकारकर्ता हैं। प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और स्वामी जी के गहन, वैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक विश्लेषण सुनकर भावविभोर हो उठे।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.) कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./अ-2/2025-2026
ग्राम पताढ़ी प.ह.नं.-17
तहसील कोरबा जिला कोरबा छ.ग.

**// ईश्तहार//**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शालू मिनोचा पति श्री राकेश मिनोचा, श्रीमती नीतू मिनोचा पति श्री राजेश मिनोचा जाति हिन्दू पंजाबी (गैर आदिवासी) निवासी एच.आई.जी.-28 महाराणा प्रताप नगर कोसाबाड़ी तह. व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पताढ़ी प.ह.नं. 17 तहसील कोरबा जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 206/13, ख.नं. 206/14, ख.नं.216/2 रकबा क्रमशः 0.008 हे., 0.011 हे., 0.033 हे. कुल रकबा 0.052 हे. भूमि को छ.ग.भू.रा.सं. 1959 के अंतर्गत धारा 172 के अधीन व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने बी-1, खसरा, नक्शा, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, बिल्डिंग, का साइड प्लान, गूगल मैप एवं शपथ पत्र सहित आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 24/12/2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
**सक्षम प्राधिकारी /अ.वि.अ.(रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

# मुश्किल में गुजर रहे थे दिन, कृत्रिम अंग मिलने से राहत

**विधायक ब्यास कश्यप बोले—मंच ने सेवा को साधना बना दिया, 108 जरूरतमंदों में आज लौटी नई उम्मीद**

**जांजगीर।** मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा जांजगीर-नैला द्वारा स्व. रामेश्वर लाल सिंघानिया 'नेताजी' की स्मृति में सत्संग भवन वीआईपी सीटी के सामने आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का समापन आज भावनाओं और मानवता से भरे वातावरण में हुआ।

अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप मौजूद रहे। कार्यक्रम में इंजीनियर रवि पांडेय, भाजपा नेता एवं मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, अग्रवाल सेवा समिति अध्यक्ष संजय भोपालपुरिया, केसरीदेवी सुल्तानिया, गुलाब अग्रवाल, शंकर सिंघानिया, पवन सिंघानिया मौजूद रहे। इस अवसर पर जांजगीर-चाम्पा विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच ने जिन ज़रूरतमंदों के जीवन में नई रौशनी जगाई है, वह केवल सेवा नहीं—जीवन को फिर से जीने की प्रेरणा है। 108 हितग्राहियों की आंखों में लौटती चमक इस शिविर की वास्तविक सफलता है।



मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने भावुक शब्दों में कहा कि सेवा ही मंच की परंपरा है। लोगों के जीवन में आशा की नई अलख जगाना ही हमारा उद्देश्य है, जरूरतमंदों का सहारा बनना हमारी परंपरा है। मंच की सेवा केवल कार्यक्रम नहीं—दिलों का रिश्ता है। मंच से जुड़ाव मेरे लिए सम्मान नहीं, बल्कि हृदय का संबंध है।

इंजीनियर रवि पाण्डेय ने मंच की टीम भावना की सराहना करते हुए कहा कि समाज सेवा का ऐसा अनुशासित और संवेदनशील रूप देखने को कम मिलता है। समापन कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन पूनम अग्रवाल ने दिया, जबकि आभार प्रदर्शन दीपक सिंघानिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन विक्रांत अग्रवाल ने किया।

आयोजन में आकाश सिंघानिया, नवदीप अग्रवाल, निकुंज अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, संजय सुल्तानिया, अरमान शर्मा, अनुराग शर्मा, मयंक शर्मा, हिमांशु अग्रवाल, अक्षय बंसल, तुषार अग्रवाल, पूनम जागनी, मनीषा अग्रवाल, बबीता गर्ग तथा पिंकी शर्मा, प्रिया सोनी

श्याम, शिखा, कल्याणी, मनीषा जगनी, बबीता धानुका, मधु शर्मा, तनु जिंदल, सहित पूरी टीम लगातार जुटी रही।



शिविर में 108 हितग्राहियों को लाभ मिला जिसमें 85 को कृत्रिम हाथ, 10 को कान की मशीन, 8 को बैसाखी, 5 जरूरतमंदों को स्टिक प्रदान की गई।

जिन जरूरतमंदों को मारवाड़ी युवा मंच ने उपकरण उपलब्ध कारण उनकी भावुकता उनके चेहरे से झलक रही थी कोई बातों से व्यक्त कर सके या ना कर सके पर चेहरे के भाव बता रहे थे कि मारवाड़ी युवा मंच ने उन्हें नई ऊर्जा प्रदान कर दी है।

मंच ने शहरवासियों और सहयोगियों का आभार जताते हुए समाज सेवा के इस सिलसिले को जारी रखने का संकल्प दोहराया।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. ...............................
बी-121/2025-26
ग्राम- कटघोरा, प.ह.नं.-10
तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा आम जनता मौजा कटघोरा प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. व तहसील-कटघोरा, जिला- कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल साजिद मामन पिता/पति अब्दुल सत्तार मामन उम्र 60 वर्ष जाति मुसलमान निवासी ग्राम कटघोरा, तह. कटघोरा, जिला-कोरबा छग के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री खनशा बेगम पिता अब्दुल साजिद मामन का जन्म दिनांक 03.09.2003 को स्थान कटघोरा, तह.-कटघोरा, स्थित स्वयं के घर में होने का लेख करते हुए जन्म-मृत्यु रजिस्टार मुख्य नगर पालिका कटघोरा से जारी घटना का परिशुद्धता एवं अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित जन्म प्रमाण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09.12.2025 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् किये जाने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील
**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कटघोरा**

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक/निर्माण/2025-26/4682 कोरबा, दिनांक 28.11.25

**//ई-निविदा आमंत्रण सूचना//**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनुसूची दर पुस्तिका छ.ग. शासन रायपुर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी अंतिम तिथि 27.12.2025 है।

| क्र. | कार्य का नाम | वि.खं. | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | आदिवासी बालक आश्रम अरसिंया का रेनोवेशन कार्य | पोड़ी उपरोड़ा | 49.88 | 37410/- |
| | | योग :- | 49.88 | |

नोट :-
1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।
2. ठेकेदार की श्रेणी 'डी' क्लास या उससे उपर।
टीप :- निविदा की शर्ते व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/में देखी जा सकती है।

जी-252605143/4

**सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा**

## अनमोल वचन......

**क्या आप अपने सपनों को उतनी ही ऊर्जा देते हैं जितनी अपने डर को?**

# आपराधिक अभियोग से मुक्त

बड़ा सवाल है कि क्या भारतीय न्याय प्रणाली के तहत किसी व्यक्ति को वित्तीय जुर्माना चुका कर आपराधिक अभियोग से मुक्त होने का अवसर दिया जाना चाहिए। आधुनिक न्याय प्रणाली में फौजदारी मामलों से इस तरह मुक्त होने की कोई अवधारणा नहीं होती।

सुप्रीम कोर्ट ने बैंक धोखाधड़ी के एक बहुचर्चित मामले के अभियुक्तों से पैसा वापस लेकर मामला खत्म करने की इजाजत दे दी है। स्टर्लिंग बायोटेक लिमिटेड कंपनी के मालिक संदेसरा बंधुओं को इजाजत दी गई है कि वे 5,100 करोड़ रुपये का भुगतान कर गंभीर आरोपों में चल रहे मुकदमों से मुक्त हो जाएं। जबकि उन पर 14,000 करोड़ रुपये के घपले का इल्जाम है। नितिन एवं चेतन संदेसरा उन भगोड़ों में हैं, जो वित्तीय संस्थाओं को भारी चूना लगा कर देश से भाग निकले। चेतन की पत्नी दीप्ति और उनके परिवार के सदस्य हितेश पटेल को भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भगोड़ा घोषित कर रखा है।

गौरतलब है कि ईडी ने इस परिवार की लगभग 14,500 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर रखी है। उनमें से 4,700 करोड़ रुपये की संपत्ति भारत के अंदर है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत संदेसरा बंधु 5,100 करोड़ रुपये चुका देंगे, तो यह संपत्ति उन्हें वापस मिल जाएगी। विदेशों में जब्त 9,778 करोड़ की संपत्ति भी उनकी पहुंच से फिलहाल बाहर है। यह दीगर है कि उसे हासिल करना भारत सरकार के लिए भी कठिन बना हुआ है। मुकदमा खत्म होते ही संदेसरा परिवार की यह संपत्ति भी मुक्त हो जाएगी। उससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या भारतीय न्याय प्रणाली के तहत किसी व्यक्ति को वित्तीय जुर्माना चुका कर आपराधिक अभियोग से मुक्त होने का अवसर दिया जाना चाहिए? इस्लामी देशों में ब्लड मनी देकर आरोपी हत्या के जुर्म से भी बरी हो जाते हैं। मगर जिन देशों में आधुनिक न्याय प्रणाली है, वहां फौजदारी मामलों से इस तरह मुक्त होने की कोई अवधारणा नहीं होती। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय असहज करने वाले मालूम पड़े हैं। इनमें वोडाफोन आइडिया और निर्माण कार्यों को बाद की तारीख में हरी झंडी देने संबंधी मामले शामिल हैं। ताजा मामले में कोर्ट ने कहा है कि इसे भविष्य के लिए उदाहरण नहीं माना जाएगा। लेकिन संदेसरा बंधुओं को यह लाभ मिला है, तो आखिर किस तर्क पर विजय माल्या या नीरव मोदी या वैसे अन्य आर्थिक अभियुक्तों को इससे वंचित रखा जा सकता है?

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज किसी काम की वजह से यात्रा करनी पड़ सकती है जिसके अच्छे रिजल्ट आपको भविष्य में देखने को मिलेंगे। आज सरकारी कामों को लापरवाही के कारण अधूरा न छोड़ें अन्यथा पेनाल्टी भी लग सकती है। इस राशि के जो लोग पार्टटाइम जॉब करना चाहते हैं उनके लिए लाभ के शुभ योग हैं।

वृष राशिः आज आपका दिन उत्तम है। आप जिस काम को पूरा करने का अथक प्रयास काफी दिनों से कर रहे थे वो आज पूरा हो जायेगा। इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आप किसी से अपने मन की बात शेयर करेंगे वह आपकी बात को जरूर समझेगा। सामाजिक या धार्मिक गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा, आपके मन मुताबिक कार्य संपन्न होगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप अपने दोस्त की आर्थिक स्थिति में मदद करेंगे। आज पूरी मेहनत व एकाग्रता से अपने काम को करने का समय है, आपके काम में जल्द ही सफलता के योग बन रहे हैं। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने से, आपके मन में रचनात्मक कार्य करने की इच्छा होगी। लवमेट आज आप डिनर पर जायेंगे। अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहें।

कर्क राशिः आज आपका दिन खुशी के पल लेकर आया है। आप किसी जरूरतमंद की सहयता करेंगे, आपको खुशी मिलेगी। इस राशि के जो लोग स्पोर्ट्स के फ़ील्ड से जुड़े हैं उनको आज अपने कोच से ज्यादा सीखने का मौका मिलेगा। आज आप साहसिक कार्य करेंगे जिसमे आपकी सराहना होगी। आपके दैनिक कार्यों को पूरा करने में परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलेगा।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लेकर आया है। आज आपके विवेक से आपका काम बन जायेगा। आज किसी काम में पारिवारिक सदस्यों की सलाह लेना अच्छा रहेगा। ऑफिस का माहौल सुकून भरा रहने से काम करने के तरीको में सुधार होगा। आज जीवनसाथी के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा। इस राशि के जो छात्र हैं वो आज अपनी पढ़ाई में व्यस्त रहेंगे।

कन्या राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे आपकी किसी समस्या का समाधान हो जायेगा। पुरानी बातों को भूलकर नयी बातों की तरफ ध्यान देंगे। आज भागदौड़ भरी जिंदगी से समय निकालकर परिजनों के साथ कुछ समय बिताएंगे, आपको खुशी मिलेगी। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा आपके काम में माता-पिता का सहयोग मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा । बच्चों के सक्सेस से खुशी मिलेगी और बच्चों में भी कॉन्फिडेंस बना रहेगा । अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय ईश्वर की पूजा पाठ के लिए निकालें, आपके सभी काम बनते नजर आएंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन सुनहरा रहेगा। ऑर्गेनिक फूड का बिजनेस कर रहे लोगों को आज लाभ मिलेगा। आज आलस्य को त्याग कर कुछ नया करने का दिन है। इस राशि के जो लोग सामाजिक सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं, उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा आज सामाजिक कार्य करेंगे। काफी दिनों से परिवार में चल रही परेशानियां आज खत्म हो जाएगी। मंदिर में पुष्प अर्पित करें, सब अच्छा ही अच्छा होगा ।

धनु राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज शाम आप दोस्त के घर डिनर के लिए जाएंगे जहां हंसी खुशी का माहौल रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे। आज आप काम को समय से पूरा करने के लिए नई तकनीकों का सहारा लेंगे, काम आसान और सरल हो जाएगा।

मकर राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। इस राशि की जिन महिलाओं को बिजनेस शुरू करना है, उनको घरवालों का पूरा सपोर्ट मिलेगा। कुछ छिपे विरोधी अपने काम में अड़चन डाल सकते हैं, परंतु आपका पॉजिटिव अप्रोच आप को मजबूत बनाए रखेगा और काम में आपको सफलता मिलेगी।

कुम्भ राशिः आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज ऑफिस का काम समय पर पूरा हो जाने से आपके मन को शांति मिलेगी आप काम के नए टारगेट बनाएंगे । कंपटीशन की तैयारी कर रहे स्टूडेंटस को शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलने से सीखने में सहायता मिलेगी।

मीन राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। छात्र आज अपने प्रोजेक्ट को पूरा करने में सफल रहेंगे। अगर आपको इंटरव्यू देने जा रहे हैं आज आपकी सफलता के योग बन रहे हैं । आर्थिक स्थिति में दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलने से आपकी परेशानी कम हो जाएगी। न्यूरो प्रॉब्लम से परेशान लोग आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखा सकते हैं, आपको जल्द ही राहत मिलेगी।

# संसद को चलाने की पहली जिम्मेदारी सरकार की

//अजीत द्विवेदी//

**संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार, एक दिसंबर से शुरू हो गया है। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की भारी भरकम जीत के बाद यह सत्र हो रहा है। नए उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का यह पहला सत्र है। वे पहली बार उच्च सदन यानी राज्यसभा का संचालन कर रहे हैं। पिछले यानी मानसून सत्र में विवाद का जो मुख्य मुद्दा रहा था और जिस मुद्दे पर पूरा सत्र जाया हुआ था वह इस सत्र में भी है। दो दो जजों के खिलाफ महाभियोग का मामला भी है तो मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग लाने की विपक्ष की तैयारियां भी हैं। तभी सवाल है कि संसद का यह छोटा सा सत्र कैसे सुचारू रूप से चलेगा? ध्यान रहे शीतकालीन सत्र सिर्फ 19 दिन का है और इसमें 15 बैठकें होंगी।**

इसमें सरकार को 10 विधेयक पेश करने हैं। हालांकि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि संविधान के 131वें संशोधन का विधेयक पेश करने की उसकी कोई मंशा नहीं है। पहले यह प्रस्तावित विधेयकों की सूची में था। इसमें चंडीगढ़ को संविधान के अनुच्छेद 240 के तहत लाने का प्रस्ताव है। इससे चंडीगढ़ प्रशासन को केंद्र सरकार के नियमों से संचालित करने का अधिकार मिल जाएगा। सत्र के पहले दिन सरकार और विपक्ष दोनों ने अपना रवैया दिखा दिया है। सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री ने मुख्य विपक्षी कांग्रेस को निशाना बनाते हुए कह दिया कि कुछ पार्टियां हार नहीं पचा पाती हैं। उनके इस बयान को कांग्रेस ने अहंकार बताया है। इस जुबानी जंग और दोनों सदनों में हंगामे के साथ कार्यवाही शुरू हुई है। फिर भी अगर दोनों पक्ष अपने रुख में थोड़ा लचीलापन ले आएं तो संसद का सत्र सुचारू रूप से चल सकता है। लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा के सभापति को भी इसमें थोड़ी पहल करनी चाहिए।

संसद को सुचारू रूप से चलाने की पहली जिम्मेदारी सरकार की होती है। अगर सरकार विवाद के मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हो जाए तो टकराव की 90 फीसदी संभावना समाप्त हो जाती है। मिसाल के तौर पर पिछले सत्र से विपक्ष चाहता है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पर चर्चा कराई जाए। पिछला पूरा सत्र इस पर विवाद में जाया हुआ था। ध्यान रहे सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करा ली थी। सरकार को भी पता है कि चर्चा होते ही वह मुद्दा समाप्त हो गया। उसके बाद फिर कभी भी विपक्ष ने उसका मुद्दा नहीं उठाया। लेकिन एसआईआर पर चर्चा नहीं हुई तो मुद्दा आज तक चल रहा है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का यह कहना सही है कि सरकार चुनाव आयोग के प्रवक्ता नहीं है। लेकिन चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए एसआईआर पर चर्चा कराने का फैसला तो सरकार को ही करना है! दूसरी बात यह है कि आयोग पर जो आरोप विपक्ष लगा रहा है उसका लाभार्थी तो भाजपा को ही बता रहा है तो वैसे भी भाजपा को चर्चा के लिए तैयार होना चाहिए ताकि वह अपना पक्ष रख सके। एसआईआर की सफलता बिहार में प्रमाणित हुई है। उसके आंकड़े सरकार के पास हैं। सो, एक बार उसे चर्चा करा लेनी चाहिए, जिससे यह मुद्दा समाप्त हो जाएगा।

सरकार के बाद दूसरी जिम्मेदारी विपक्ष की होती है, जिसने अरुण जेटली की इस बात की गांठ बांध ली है कि संसद को बाधित करना भी संसदीय प्रक्रिया का हिस्सा है और इससे भी लोकतंत्र मजबूत होता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकार से अपनी बात मनवाने या जनता तक अपनी बात पहुंचाने के लिए कई बार संसद को बाधित करना भी एक रणनीति होती है। लेकिन इस रणनीति का ज्यादा इस्तेमाल नुकसानदेह भी हो सकता है। गौरतलब है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष के अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करने और भाजपा के बहुमत से नीचे आने के बाद विपक्ष ज्यादा आक्रामक हुआ है और किसी न किसी मुद्दे पर संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है। लेकिन विपक्ष को भी पता है कि इसका कोई राजनीतिक या चुनावी लाभ उसे नहीं हो पा रहा है।

पिछले लोकसभा चुनाव के बाद हुए राज्यों के चुनावों में छह में से चार राज्यों में एनडीए की सरकार बनी है और जम्मू कश्मीर में भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। कांग्रेस का प्रदर्शन इन सभी राज्यों में खराब रहा है। सो, एक बार चर्चा करके, बहस में हिस्सा लेकर और संसद को सुचारू रूप से चला कर देखना चाहिए। हो सकता है कि उससे विपक्ष को अपनी बात ज्यादा बेहतर ढंग से जनता तक पहुंचाने का मौका मिले। उनको समझना चाहिए कि उनकी गैरहाजिरी में बिना चर्चा के आम जनता से जुड़े जरूरी विधेयक पास हो रहे हैं। कानून बन रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है।

दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों यानी स्पीकर और सभापति की भी जिम्मेदारी है कि वे संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें। इसके लिए बहुत कुछ करने की जरुरत नहीं है। अगर दोनों सदनों में विपक्ष की बात भी सुनी जाने लगे तो व्यवस्था बहाल हो जाएगी। दुर्भाग्य से भारत में यह व्यवस्था बन गई है कि विपक्ष के 90 फीसदी से ज्यादा प्रस्तावों को आसन की ओर से खारिज किया जाता है और सरकार के 99 फीसदी प्रस्तावों को स्वीकार किया जाता है। इससे ऐसा लगता है कि आसन की ओर से नहीं, बल्कि सरकार की ओर से संसद का संचालन किया जा रहा है। अगर विपक्ष के भी प्रस्तावों को संतुलित अनुपात में स्वीकार किया जाए तो संसद के सुचारू संचालन का रास्ता बनेगा।

अभी विपक्ष को ऐसा लगता है कि उनकी बात पूरी तरह से अनसुनी की जाती है। चर्चा या काम रोको प्रस्ताव बिना सुने खारिज किए जाते हैं। उनके प्रतिरोध को दबाने का प्रयास किया जाता है। सदन में वेल में जाने से लेकर नारेबाजी करने, प्लेकार्ड ले जाने से रोका जाता है। साथ ही तुरंत सदन से निलंबित करने के फैसले हो रहे हैं। सरकार को विपक्ष की गैरहाजिरी में जरूरी विधेयक पास कराने की अनुमति दी जा रही है। यह धारणा बदलनी चाहिए।विपक्ष की हमेशा यह मांग रहती है कि प्रधानमंत्री संसद में ज्यादा समय दें। पिछले सत्र में भी लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा का जवाब दिया और दो घंटे से ज्यादा का भाषण दिया। लेकिन उससे पहले वे सदन में नहीं बैठे और राज्यसभा में तो न जवाब दिया और न केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के समय मौजूद रहे। ध्यान रहे प्रधानमंत्री संसद सत्र के दौरान संसद भवन के अपने कार्यालय में रहते हैं लेकिन दोनों सदनों में बहुत कम समय देते हैं।अगर प्रधानमंत्री की मौजूदगी संसद की कार्यवाही के दौरान बढ़ेगी तो विपक्ष को भी मजबूरी में मौजूद रहना होगा और बेहतर ढंग से कार्यवाही चल पाएगी। हालांकि इसमें भी सत्तापक्ष के सांसदों को भी ध्यान रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री की मौजूदगी में उनके नाम के नारे लगाने, मेज थपथपाने और विपक्ष का मजाक उड़ाने को बाहर अच्छा नहीं माना जाता है। यह संसद की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। ऐसे छोटे छोटे उपायों से संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सकता है।

# विपक्ष को अपनी कमियों से सीख लेनी होगी

//रजनीश कपूर//

**बिहार चुनाव से चुनाव आयोग की निष्पक्षता, राजनीतिक दलों के आचरण और चुनाव जीतने की रणनीति सभी पर गंभीर चर्चा है। पर आयोग को चाहिए कि वह अपने हर निर्णय में पारदर्शिता, कठोरता और समान व्यवहार बनाए रखे, तभी वह जनता का भरोसा लौटाने में कामयाब होगा। विपक्ष को अपनी कमियों से सीख लेनी होगी, ताकि वे सशक्त विकल्प बन सकें और लोकतंत्र को मजबूती दे सकें। हाल में हुए बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में चुनाव आयोग की भूमिका और उस पर उठते सवालों ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर बहस छेड़ दी है। एनडीए की ऐतिहासिक जीत और महागठबंधन (इंडिया एलायंस) की करारी हार के बीच, मुख्य सवाल यही उठा कि क्या चुनाव आयोग ने अपने संवैधानिक कर्तव्यों का सही तरह से निर्वहन किया? साथ ही, आचार संहिता के उल्लंघन, राजनीतिक दलों के आचरण और आयोग पर दोहरे मानदंडों के आरोपों ने भी चुनावी निष्पक्षता की मूल भावना को चुनौती दी है।**

हाल के चुनावों में चुनाव आयोग पर पक्षपात और दोहरे मानदंड अपनाने के आरोप लगे। खास तौर पर, कांग्रेस और महागठबंधन ने वोटर लिस्ट, अधिकारियों की नियुक्ति और निष्पक्ष मतदान पर गंभीर सवाल खड़े किए। आरोप है कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में वोटर लिस्ट से लाखों नाम हटा दिए गए या मनमाने ढंग से जोड़े-घटाए गए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आयोग ने भाजपा शासित राज्यों से चयनित नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को चुनावी पर्यवेक्षक नियुक्त कर पक्षपातपूर्ण रवैया दिखाया। विपक्ष ने मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि आयोग की प्रक्रिया आम जनता का भरोसा कायम नहीं रख पा रही है।

इस चुनाव में लगभग सभी प्रमुख दलों के सोशल मीडिया पर भड़काऊ, जातिवादी और भ्रामक कंटेंट साझा होने के आरोप लगे। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने ऐसे लगभग 21 एफआईआर दर्ज किए, जिनमें भाजपा, राजद और कांग्रेस जैसे बड़े दलों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। कई सोशल मीडिया हैंडल्स पर तो गुमराह करने वाले,ढ्ढ-जनित वीडियो और दीपफेक कंटेंट डालने के आरोप मिले, जिन्हे तुरंत हटवाया गया। आयोग द्वारा आचार संहिता के पालन के लिए सोशल मीडिया पर निगरानी करने की व्यवस्था थी, परंतु बड़ी संख्या में भड़काऊ और गुमराह करने वाले पोस्ट सामने आए, जिससे आयोग की प्रभावशीलता को लेकर सवाल भी उठे।

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में चुनाव आयोग की सबसे अहम जिम्मेदारी है, चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना। आयोग को अपने हर कदम पर समानता और पारदर्शिता का पालन करना चाहिए। आयोग की साख को बहाल करने के लिए कुछ जरूरी कदम उठाने चाहिए। जैसे कि सभी दलों की शिकायतों की सार्वजनिक व स्वतंत्र जाँच। पर्यवेक्षकों और चुनावी कर्मियों की निष्पक्ष नियुक्ति जो कि राजनीतिक झुकाव से दूर रहते हुए की जाए। वोटर लिस्ट की शुद्धता और अद्यतन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना। सोशल मीडिया व डिजिटल प्रचार पर कठोर निगरानी और दोषियों पर तत्काल कार्रवाई। आचार संहिता उल्लंघन पर बिना किसी भेदभाव के उचित व सख्त न्यायिक कार्यवाही।

वहीं देखा जाए तो महागठबंधन (इंडिया एलायंस) रणनीतिक स्तर पर संगठित नहीं हो सका। सीट शेयरिंग, यानी सीटों का बँटवारा, चुनाव से ठीक पहले तय हुआ, जिससे अभियान की गति और एकता दोनों प्रभावित रहीं। तेजस्वी यादव के देर से सक्रिय चुनाव प्रचार, गठबंधन में सहयोगी दलों के मतभेद और साझा विजन की कमी ने विपक्ष की प्रभावशीलता कम कर दी। साथ ही, कांग्रेस जैसी सहयोगी दल ज़मीनी स्तर पर मतदाताओं को लामबंद करने में नाकाम रही। ऐसे समय में जब एनडीए अपनी एकजुटता दिखा रहा था, महागठबंधन अपनी आंतरिक समस्याओं में उलझ कर रह गया। महागठबंधन ने मुख्य रूप से सत्ता विरोधी लहर (एंटी-इन्कम्बेंसी) पर ज्यादा दांव लगाया, जबकि एनडीए ने अपनी स्थिरता, विकास, और समावेशिता के एजेंडा के साथ मतदाताओं को बेहतर तरीके से साधने में सफल रहा। जातिगत समीकरणों को लेकर महागठबंधन ने पारंपरिक रणनीति अपनाई, परंतु दलित, महिला, और अति पिछड़ा वर्ग को खास तौर पर टार्गेट करके एनडीए ने अपने पुराने वोट बैंक के दायरे को काफी विस्तार दिया। जो एनडीए की ऐतिहासिक जीत का कारक बना। इसके साथ ही महिलाओं को लुभाने के लिए दिए गए अनुदान ने भी इस चुनाव परिणाम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।बहरहाल चुनाव चाहे किसी राज्य की सरकार का हो या केंद्र की सरकार का, हर राजनैतिक दल मतदाताओं को लुभाने की मंशा से ऐसे कई वादे करते हैं जो वास्तव में सच नहीं किए जाते। यदि जनता को चुनावों में किए गए वादों और उन्हें पूरा किए जाने के अंतर की देखा जाए तो यह अंतर काफ़ी बड़ी संख्या में पाया जाएगा। चुनावों से पहले ऐसे वादे हर राजनैतिक दल द्वारा किए जाते हैं। जिस तरह बिहार की जनता ने एक बार फिर से नीतीश कुमार में अपना विश्वास जताया है उससे यह बात तो तय है कि जनता को किए गए चुनावी वादे काफ़ी लुभावने थे। परंतु मतदाताओं यह सोचना होगा कि वादों की सूची और उन्हें पूरा करने में जिस भी दल का अंतर सबसे कम हो वही दल जनता के हित की सोचता है, तभी उसी दल को चुना जाता है। यदि सभी दल एक समान हैं तो जनता को चुनावी वादों से भ्रमित होकर इनमें फँसना नहीं चाहिए। बिहार चुनाव से चुनाव आयोग की निष्पक्षता, राजनीतिक दलों के आचरण और चुनाव जीतने की रणनीति सभी पर गंभीर चर्चा है। पर आयोग को चाहिए कि वह अपने हर निर्णय में पारदर्शिता, कठोरता और समान व्यवहार बनाए रखे, तभी वह जनता का भरोसा लौटाने में कामयाब होगा। साथ ही, विपक्ष को चुनावी रणनीति बनाने और आंतरिक समन्वय में अपनी कमियों से सीख लेनी होगी, ताकि वे सशक्त विकल्प बन सकें और लोकतंत्र को मजबूती दे सकें।

## कांग्रेस का एकमात्र मकसद सत्ता प्राप्त करना

कांग्रेस कभी औपनिवेशिक विभाजनकारी नीतियों से लड़ने का प्रतीक थी। किंतु दुर्भाग्य से, वही विषाक्त चिंतन पं.नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी के दौर से गुजरते हुए आज राहुल गांधी के समय तक पार्टी की नस-नस में समा गया है। अब कांग्रेस नेतृत्व का एकमात्र मकसद किसी भी कीमत पर सत्ता प्राप्त करना रह गया है– चाहे इसके लिए राष्ट्रीय सुरक्षा-अखंडता को दांव पर लगाकर भारत की प्रतिष्ठा को ही धूमिल क्यों न करनी पड़े।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस को मुस्लिम-लीगी माओवादी कांग्रेस कहने और उसे देश के लिए खतरा बताने का निहितार्थ क्या है? इस विचार को प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार नहीं, बल्कि तीन अवसरों पर व्यक्त किया हैं। पहले 14 नवंबर को बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग गठबंधन द्वारा दर्ज प्रचंड जीत पर दिल्ली में भाजपा समर्थकों को संबोधित करते हुए। फिर 15 नवंबर को गुजरात स्थित सूरत के एक कार्यक्रम में और इसके बाद 17 नवंबर को दिल्ली में आयोजित रामनाथ गोयनका व्याख्यान में। प्रधानमंत्री के मुताबिक, 10-15 साल पहले कांग्रेस में जो अर्बन-नक्सली माओवादी पैर जमा चुके थे, अब वो कांग्रेस को 'मुस्लिम-लीगी माओवादी कांग्रेस' (एम.सी.सी.) बना चुके हैं। मैं पूरी जिम्मेदारी से कहता हूं कि मुस्लिम-लीगी माओवादी कांग्रेस अपने स्वार्थ मेंज देश के लिए खतरा बनते जा रही है। कांग्रेस की यह छवि एकाएक नहीं बनी है और न ही यह मात्र कोई चुनावी या राजनीतिक जुमलेबाजी है। कांग्रेस का संकट बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे पर उसके आधिकारिक वक्तव्य से स्पष्ट है, जिसमें पार्टी नेतृत्व मतदाता द्वारा नकारे जाने को फर्जी वोट चोरी का परिणाम बता रही है। दरअसल, वर्तमान कांग्रेस के शीर्ष नेता और लोकसभा में नेता-विपक्ष राहुल गांधी जिस विभाजनकारी मार्ग पर चल रहे है, उसकी प्रेरणा उन्हें अपने परिवार ही से मिली है। वर्ष 1950 से राहुल के परनाना पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जिस विकृत सेकुलरवाद को अपनाया, उसने देश में इस्लामी कट्टरता और हिंदू-विरोधी शक्तियों को नया जीवनदान दिया।

पहले उन्होंने जम्मू-कश्मीर के इस्लामी स्वरूप को बरकरार रखने हेतु अनुच्छेद 370-35ए को संविधान में बिना चर्चा के 'चोर दरवाजे' से शामिल करवाया, तो बहुसंख्यकों के लिए 'हिंदू कोड बिल' लागू करके मजहबी स्वतंत्रता के नाम पर मुस्लिम समाज को हलाला और तीन तलाक जैसी कुरीतियों के साथ छोड़ दिया। पं।नेहरू के लिए हिंदू मंदिर दमनकारी, तो केवल हिंदू ही सांप्रदायिक थे। कालांतर में उनके द्वारा अपनाई समाजवाद प्रेरित नीतियों ने भारतीय आर्थिकी को ध्वस्त कर दिया, जिसकी चर्चा पिछले कुछ लेखों में की जा चुकी है। यह विकृति राहुल की दादी श्रीमती इंदिरा गांधी के शासन में और बढ़ गई। उन्होंने 1969 में कांग्रेस टूटने के बाद अपने धड़े की वैचारिक संगोष्ठी उन वामपंथियों के हाथों में सौंप दी, जो अधिनायकवाद को बढ़ावा देने के साथ न तो तब स्वयं को भारत की बहुलतावादी सनातन संस्कृति से जोड़ पाए थे, न ही अब जोड़ पाते है। इसके परिणामस्वरूप, अदालत द्वारा अपनी वोट चोरी पकड़े जाने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल (1975-77) थोप दिया।इसी दौरान अयोध्या में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के प्रमाण संबंधित उत्खनन रिपोर्ट को भी दबा दिया गया।

## तस्वीरों की दुनिया



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पार्टी की जनरल सेक्रेटरी प्रियंका गांधी वाड्रा और नेता सोनिया गांधी नई दिल्ली में विंटर सेशन के दौरान पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ प्रोटेस्ट करते हुए।


भारत सरकार का चलाया हुआ साइबर सिक्योरिटी ऐप संचार साथी नई दिल्ली में एक मोबाइल फोन पर देखा गया।


श्रीलंका के बादुला में साइक्लोन दितवाह के बाद श्रीलंका में भारत के बचाव अभियान ऑपरेशन सागर बंधु के दौरान बचावकर्मी और नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ) के लोग।


बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन पटना पहुंचे।


शफात अहमद शांगलू को 1989 में तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था, जिसे जम्मू में टाडा कोर्ट में पेश किया गया।


प्रयागराज में माघ मेला 2026 के हिस्से के तौर पर गंगा नदी के किनारे साधु पूजा करते हुए।


हिमाचल प्रदेश के गवर्नर शिव प्रताप शुक्ला अपनी पत्नी जानकी शुक्ला के साथ को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले।

# विजय की जानबूझकर देरी कारण मची भगदड़, करूर हादसे पर तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में और क्या कहा?



**करूर, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि करूर भगदड़ में 41 लोगों की मौत टीवीके पार्टी के आयोजकों और कार्यकर्ताओं के लापरवाही के कारण हुई। राज्य सरकार ने शीर्ष न्यायालय में दायर हलफनामे में कहा कि विजय ने निर्धारित स्थल पर पहुंचने में जानबूझकर लगभग सात घंटे की देरी की ताकि कार्यक्रम स्थल पर अधिक भीड़ इकट्ठा हो सके। राज्य सरकार ने कहा कि टीवीके पार्टी के नेता विजय सुबह 8.40 बजे चेन्नई से हवाई मार्ग से तिरुचिरापल्ली के लिए रवाना हुए और लगभग 9.25 बजे वहां पहुंचे। इसके बाद वे एक निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नमक्कल गए और उसके बाद करूर के लिए रवाना हुए, जिसके कारण करूर में कार्यक्रम स्थल पर उनके पहुंचने में लगभग सात घंटे की देरी हुई।यह कार्यक्रम स्थल पर अधिक भीड़ एकत्र करने के लिए उनके द्वारा जानबूझकर की गई देरी को दर्शाता है। राज्य सरकार ने अपने कदमों का बचाव करते हुए कहा कि करूर जिला पुलिस ने 27 सितंबर को सुबह 10 बजे से ही जवानों को तैनात करना शुरू कर दिया था। हालांकि, एक बेहद गैरजिम्मेदाराना और भ्रामक कृत्य में टीवीके के आधिकारिक एक्स हैंडल से घोषणा की गई कि विजय दोपहर 12 बजे पहुंचेंगे। तमिलनाडु सरकार ने कहा कि टीवीके के राज्य महासचिव ने उसी दिन एक प्रेस बयान के माध्यम से कार्यक्रम स्थल पर समय से पहले लोगों को इकट्ठा होने के लिए उकसाया था। उसने कहा कि इन अनधिकृत और भ्रामक प्रचार के परिणामस्वरूप, हजारों समर्थक सुबह 9.30 बजे ही इकट्ठा होने लगे, जिससे कार्यक्रम शुरू होने से कई घंटे पहले ही भारी भीड़ जमा हो गई, वाहनों की भीड़ लग गई और लोग बेचैन हो गए। इसके साथ ही तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि वह 13 अक्टूबर के अपने आदेश को वापस ले, जिसमें करूर भगदड़ की सीबीआई जांच का निर्देश दिया गया था। इसके साथ ही, मद्रास हाई कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी द्वारा जांच की अनुमति दी जाए।

## तिगड़ी एक्सटेंशन आग हादसा: दो झुलसे शवों की पहचान अब तक नहीं, पुलिस डीएनए मिलान में जुटी

**दक्षिणी दिल्ली 03 दिसम्बर।** तिगड़ी एक्सटेंशन के बी ब्लाक में शनिवार रात चार मंजिला मकान में लगी आग में चार लोगों की मौत हो गई थी। घटना के दो दिन बाद भी बुरी तरह झुलस चुके दो शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। दोनों शव सफदरजंग अस्पताल की मोर्चरी में रखे गए हैं।वहीं शव पर दावे के लिए तीन परिवारों ने पुलिस से संपर्क किया है। दोनों शवों का डीएनए सैंपल लिया गया है। तीनों परिवार से मिलान कर शवों की पहचान का प्रयास किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक नजफगढ़ में तेजपुर रोड स्थित डिफेंस कालोनी के रहने वाले रामदीन, मंगलो और महेंद्र शाम के समय तिगड़ी एक्सटेंशन में थे।तीनों सत्येंद्र उर्फ जिमी (मृतक) की दुकान पर जूते खरीदने पहुंचे थे। जब आग लगी तो तीनों में एक बच गया और दो आग में फंस गए। बचे हुए तीसरे व्यक्ति ने पुलिस या परिवार से संपर्क नहीं किया है। इसके चलते पुलिस यह नहीं समझ पा रही है कि तीनों में दोनों शव किसके हैं। पुलिस तीसरे व्यक्ति की तलाश कर रही है। इस बीच तीनों के परिवार ने शव को लेकर दावा किया है। दोनों शवों और परिवारों के डीएनए सैंपल लिए गए हैं।

# मुस्लिम महिलाओं की गरिमा को सर्वोपरि रखें अदालतें तलाक से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी



**नईदिल्ली, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए 1986 में बनाए गए कानून की व्याख्या करते समय समानता, गरिमा और स्वायत्तता को सर्वोपरि रखना जरूरी है।अदालत ने कहा कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी पितृसत्तात्मक भेदभाव हकीकत है, इसलिए कानून की व्याख्या महिलाओं के वास्तविक जीवन अनुभवों को ध्यान में रखकर की जानी चाहिए।जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ यह तय कर रही थी कि क्या विवाह के समय महिला के पिता द्वारा दिए गए सामान या दूल्हे को दी गई वस्तुएं तलाक के बाद महिला को वापस मिल सकती हैं। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया, जिसने पूर्व पति को इन वस्तुओं को लौटाने से राहत दे दी थी। महिला ने 1986 के मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों की सुरक्षा) अधिनियम की धारा तीन के तहत 17.67 लाख से अधिक की संपत्ति की वापसी की मांग की थी।पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट ने प्रकरण को केवल एक सिविल विवाद की तरह देखा और कानून की उद्देश्यपूर्ण व्याख्या करने में विफल रहा। अदालत ने कहा कि संविधान का लक्ष्य समानता सुनिश्चित करना है और न्यायालयों को अपने निर्णयों में सामाजिक न्याय को आधार बनाना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट ने महिला की अपील स्वीकार करते हुए निर्देश दिया कि पूर्व पति तीन कार्यदिवस के भीतर महिला के बैंक खाते का विवरण प्राप्त कर राशि सीधे उसके खाते में जमा करे। अनुपालन न होने पर नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज देना होगा। यह विवाह 2005 में हुआ था और मतभेदों के चलते महिला 2009 में ससुराल छोड़ गई थी। 2011 में तलाक के बाद उसने 1986 के कानून के तहत दावा दायर किया था।

# पादरी बन मतांतरण का संगठित गिरोह चलाता था जितेंद्र चौराहे पर पंडाल लगाकर करता था ईसाई धर्म का प्रचार

**महराजगंज, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**



पादरी बनकर ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार करने वाला जितेंद्र साहनी खुद तो पिछड़ी जाति के आरक्षण का लाभ ले ही रहा था वह अनुसूचित जाति के लोगों को भी मतांतरण के बावजूद आरक्षण का लाभ मिलने का प्रलोभन दे रहा था। मतांतरण का संगठित गिरोह चलाने वाले जितेंद्र के निशाने पर महराजगंज के साथ ही नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र के लोग भी थे। दिसंबर 2023 में उसके विरुद्ध मतांतरण कराने और धार्मिक वैमनस्यता फैलाने का मुकदमा भी दर्ज हुआ था। हाई कोर्ट में याचिका खारिज होने की खबर जैसे पहुंची उससे जुड़े लोगों में खलबली मच गई।

सिंदुरिया के मथानिया गांव के चौकीदार बाबूराम यादव ने मथनिया गांव के जितेंद्र के विरुद्ध थाना सिंदुरिया में मुकदमा कराया था। आरोप था कि जितेंद्र पिछले डेढ़ वर्ष से बलुवहीधूस चौराहे पर पंडाल लगाकर ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार कर रहा था। वह अपने धर्म को श्रेष्ठ बताकर अन्य धर्मों को गलत ठहराने और हिंदू धार्मिक मान्यताओं का अपमान करने वाले भाषण देता था। इससे गांव में तनाव और वैमनस्यता की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। बाबूराम ने यह भी बताया था कि 10 दिसंबर 2023 को दोपहर लगभग तीन बजे प्रार्थना सभा की आड़ में जितेंद्र द्वारा दिया गया भाषण लोगों की धार्मिक भावना को आहत कर रहा था। इसी आधार पर उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 153 ए और 295 ए के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस की जांच रिपोर्ट में भी सामने आया था कि जितेंद्र ईसाई पादरी के रूप में कार्य करता है, जबकि हाई कोर्ट में उसने स्वयं को हिंदू बताकर लाभ लेने का प्रयास किया।अब हाई कोर्ट के आदेश के बाद महराजगंज का यह मामला चर्चा में आ गया है। हालांकि वर्ष 2023 में उसके विरुद्ध दर्ज मुकदमे में अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने 12 जनवरी 2024 को सशर्त अग्रिम जमानत भी दे रखी है, जिसमें उसने स्वयं को पिछड़ी जाति का बताते हुए जमानत का लाभ लिया है।

## श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए देश पूरी तरह तैयार, स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने अधिकारियों को दिए ये निर्देश

**नई दिल्ली।** सर्दियों में फैलने वाले इन्फ्लूएंजा को रोकने के लिए की गई तैयारियों का जायजा लेने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में मंगलवार को कर्तव्य भवन-1 में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि देश श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है तथा सभी प्रणालियां वर्तमान में इन्फ्लूएंजा के मामलों की संख्या में असामान्य वृद्धि के कोई संकेत नहीं दिखा रही हैं।वर्ष 2014-15 के दौरान मौसमी इन्फ्लूएंजा के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि को याद करते हुए नड्डा ने वर्तमान स्थिति पर जानकारी मांगी तथा पूछा कि क्या वर्तमान में प्रचलित वायरस के प्रकारों में ऐतिहासिक रुझानों से कोई भिन्नता है। नड्डा ने सभी राज्य नोडल अधिकारियों के साथ इन्फ्लूएंजा की तैयारियों की समीक्षा करने और सभी केंद्र सरकार के अस्पतालों की तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जिला अस्पतालों और मेडिकल कालेजों में तैयारियों की समीक्षा अगले एक पखवाड़े के भीतर पूरी कर ली जाए। मंत्री ने सभी राज्यों को एक परामर्श जारी करने की भी सलाह दी और स्वास्थ्य सुविधाओं पर नियमित रूप से माक ड्रिल आयोजित करने को कहा।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर फर्जी गतिविधियों के मामलों में पुलिस का एक्शन

## 6 फर्जी एजेंट समेत 54 की गिरफ्तारी



**नईदिल्ली, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआई) थाना पुलिस ने इस साल नवंबर के महीने में अवैध गतिविधियों और जाली दस्तावेज़ों के ख़िलाफ़ एक बड़ा अभियान चलाते हुए कुल 54 व्यक्तियों को गिरफ़्तार किया है। गिरफ़्तार किए गए कुल 54 व्यक्तियों में, पुलिस ने फ़र्ज़ी वीज़ा और पासपोर्ट से संबंधित गंभीर मामलों में 26 आरोपित भी शामिल है, जिनमें 6 फ़र्ज़ी एजेंट भी शामिल हैं जो लोगों को अवैध तरीके से विदेश भेजने का लालच देते थे।इसके अतिरिक्त अवैध गतिविधियों और एयरपोर्ट परिसर में सक्रिय दलाली (टाउटिंग) के ख़िलाफ़ सख्त कार्रवाई करते हुए नवंबर महीने में ही 28 दलालों (टाउट्स) को भी गिरफ़्तार किया है। यह कार्रवाई एयरपोर्ट पर यात्रियों को अनावश्यक रूप से परेशान करने और ठगने वाले दलालों के ख़िलाफ़ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि यह गिरफ्तारियां, आईजीआई एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को मज़बूत करने और जाली दस्तावेजों में शामिल संगठित अपराधों पर लगाम लगाने की दिशा में पुलिस की महत्वपूर्ण सफलता है।

# स्कूल फेस्ट में एयर गन की गोली लगने से छात्र घायल अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन पर लगाए लापरवाही के आरोप



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां पर एक स्कूल के विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने गए 8वीं कक्षा के एक छात्र के लिए उस समय स्थिति भयावह हो गई, जब उसी परिसर में आयोजित एक प्रदर्शनी के दौरान एयर गन का एक छर्रा उसके सिर में जा लगा। दरअसल, यह पूरी घटना शनिवार को अनेकल तालुक के न्यू बाल्डविन इंटरनेशनल रेसिडेंशियल स्कूल में घटी। बताया जाता है कि चिक्कतिरुपति का कक्षा 8 का छात्र चरण तेज, विज्ञान प्रदर्शनी देखने के बाद अपनी मां और दादी के साथ एक फेस्ट स्टॉल के पास नाश्ता कर रहा था, तभी पटाखे जैसी तेज आवाज सुनाई दी। इसके कुछ समय बाद ही लड़का नीचे गिर गया।आनन फानन में लड़के को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों को उसके सिर में धातु के छर्रे धंसे हुए मिले। उन्हें निकालने के लिए तुरंत एक छोटी सी सर्जरी की गई। अभिभावकों ने इस घटना के लिए स्कूल प्रबंधन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। बता दें कि चरण के पिता नारायणस्वामी ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई है और कहा कि स्कूली बच्चों के पास ऐसी खतरनाक गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

रिपोर्ट्स के अनुसार, एक फेस्ट के दौरान एक स्टॉल पर प्रतिभागियों को एयर गन से गुब्बारे छोड़ने की अनुमति थी। स्कूल के अनुसार, स्टॉल को चारों तरफ से लकड़ी के तख्तों से घेरा जाना था। लेकिन, निगरानी में चूक के कारण छर्रे घेरे से बाहर निकलकर चरण को लग गए। स्कूल स्टाफ ने छात्र को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एमआरआई स्कैन से छर्रे के स्थान की पुष्टि हुई।

## 19 हजार से अधिक डुप्लीकेट वोटर अन्य जगहों की सूची में दर्ज है नाम

**गाजियाबाद।** चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची का एसआइआर किया जा रहा है। इसके तहत अब तक जिले में 19 हजार से अधिक डुप्लीकेट वोटर मिल चुके हैं, इन वोटरों ने पहले से ही किसी अन्य जगह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा रखा है।जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्र में कुल 53,624 मतदाता मृतक मिले हैं। 3,30,379 मतदाता अपने पते पर अब नहीं रहते हैं, उनको ट्रेस करना भी मुश्किल हो रहा है। 3,08,895 मतदाता ऐसे हैं, जो कि अब स्थायी रूप से दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके हैं। जिले के 19,307 मतदाताओं का नाम पहले से ही दूसरी जगह मतदाता सूची में दर्ज मिला है। 19,578 मतदाता अन्य श्रेणी के हैं, जिन्होंने अब तक गणना प्रपत्र जमा नहीं किया है।

# अररिया में 360 बोतल नेपाली शराब जब्त दो बाइक सहित एक तस्कर गिरफ्तार



**सिकटी (अररिया)।** सिकटी थाना पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान 270 बोतल नेपाली शराब जब्त की। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में एक तस्कर को गिरफ्तार करते हुए तस्करी में प्रयुक्त दो बाइक को जब्त कर लिया गया है।मामले की जानकारी देते हुए सिकटी थानाध्यक्ष रौशन कुमार सिंह ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान एक व्यक्ति बाइक से नेपाल की तरफ से आता हुआ दिखा। पुलिस बलों ने उसका पीछा करते हुए गांधी चौक उफरेल के समीप शराब के साथ गिरफ्तार किया।शराब तस्कर 36 वर्षीय सोचन सरदार के पास से 210 लीटर नेपाली शराब बरामद किया गया। वही बाइक को भी जब्त कर लिया गया। जबकि मुरारीपुर बार्डर के पास से 60 बोतल नेपाली शराब बरामद किया गया। भारतीय क्षेत्र में घुसते हीं तस्कर की नजर पुलिस बलों पर पड़ी। जवानों को पीछा करते देख शराब तस्कर बाइक को भारतीय क्षेत्र में छोड़ नेपाल की तरफ अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। बोरी की विधिवत तलाशी में 60 बोतल नेपाली शराब बरामद किया गया। तस्करी में प्रयुक्त बाइक को जब्त कर लिया गया। वहीं इंडो-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 52वी वाहिनी लेलोखर कंपनी के जवानों ने नेपाल से तस्करी कर लाए जा रहे 90 बोतल नेपाली उमंगा शराब को जब्त किया। स्तभ संख्या 169 के समीप एसएसबी जवानों पर नजर पड़ते हीं तस्कर बोरी को भारतीय क्षेत्र में फेंक नेपाल की तरफ भाग निक ला।नेपाल निर्मित सभी शराब 300 एमएल की थी। जिसे मद्य निषेध अररिया के सुपुर्द कर दिया गया। इधर सिकटी पुलिस द्वारा नई उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# बिजली विभाग पर गिरी गाज, 140 करोड़ की बकाया वसूली के लिए तीन खाते फ्रीज



**रांची, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

व्यवसायिक कोर्ट के आदेश पर लगभग 15 वर्ष से लंबित 140.80 करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि की वसूली के लिए मंगलवार को बिजली विभाग के तीन बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। सिविल कोर्ट रांची के नाजिर मोहम्मद जीशान इकबाल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।इससे पूर्व व्यवसायिक कोर्ट के स्पेशल जज रवि नारायण की अदालत ने व्यवसायिक एग्जिक्यूशन मुकदमा की सुनवाई में बिजली विभाग के बैंक खातों को फ्रीज करने का निर्देश जारी किया था। जिन खातों को फ्रीज किया गया, वे रांची के क्लब साइड, मेन रोड स्थित बैंक आफ इंडिया शाखा के हैं। बिजली विभाग के खिलाफ थड़पखना स्थित फर्म मेसर्स क्रिस्टल कंप्यूटर इनफार्मेटिक्स सेंटर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से संचालक दिनेश्वर पांडे ने वर्ष 2014 में झारखंड माइक्रो स्माल इंटरप्राइजेज काउंसिल में आर्बिट्रेशन आवेदन दायर किया था। काउंसिल ने चार फरवरी 2015 को आदेश पारित करते हुए बिजली विभाग को 140.80 करोड़ का भुगतान करने का निर्देश दिया था। आदेश के लगभग 10 वर्ष बाद भी भुगतान नहीं होने के कारण फर्म ने व्यवसायिक कोर्ट में याचिका दायर किया।

# यूपी में सामूहिक विवाह योजना के 18 हजार आवेदन कैंसिल, शादीशुदा युवतियों ने कर दिए आवेदन, और...

**लखनऊ, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ पाने के लिए शादीशुदा युवतियों ने भी आवेदन कर दिए। विभाग ने सत्यापन कराया तो इनकी सच्चाई सामने आ गई। अब इनके आवेदनों को निरस्त किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 18 हजार से अधिक आवेदन निरस्त किए जा चुके हैं, इनमें कुछ मामले आधार का मिलान न होने के भी हैं। विभाग ने सभी जिलों में गहनता से आवेदनों की जांच के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए वर्ष 2017 से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का संचालन कर रही है। पिछले दिनों इसके लिए एक कन्या के विवाह पर किए जाने वाले खर्च को 51 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया गया है। इसमें 60 हजार रुपये सीधे कन्या के खाते में भेजे जाते हैं और 25 हजार रुपये का सामान युगल को उपहार स्वरूप दिया जाता है, जबकि 15 हजार रुपये आयोजन पर खर्च किए जाते हैं।सरकार ने इसकी पात्रता के लिए आय सीमा को भी दो लाख से बढ़ाकर तीन लाख वार्षिक कर दिया है।

जिलों में आवेदन लेने और विवाह समारोहों के आयोजन की प्रक्रिया चल रही है। समाज कल्याण विभाग के अनुसार अब तक चालू वित्तीय वर्ष के लिए तय किए गए 57 हजार युवतियों के विवाह के लक्ष्य के मुकाबले 1.20 लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं।पूर्व में आयोजन होने के बाद गड़बड़ी के मामले सामने आते रहे हैं, ऐसे में विभाग सत्यापन पर अधिक जोर दे रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत बरेली, सोनभद्र, बागपत सहित कई जिलों में आवेदक युवतियां विवाहित मिलीं। योजना के प्रभारी उपनिदेशक आरपी सिंह ने बताया कि अब तक 21 हजार से अधिक आवेदन स्वीकृत किए गए हैं और 14 हजार युवतियों का विवाह कराया जा चुका है। सत्यापन में अपात्र मिलने वालों के आवेदन निरस्त किए जा रहे हैं, इनमें विवाहिताओं के आवेदन के भी मामले हैं। प्रत्येक आवेदन का सत्यापन कराया जा रहा है।

# नौसेना प्रमुख ने न्यू इंडियन मैरीटाइम डॉक्ट्रिन का अनावरण किया, क्या है इसका मुख्य लक्ष्य?



**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मंगलवार को न्यू इंडियन मैरीटाइम डाक्ट्रिन का अनावरण किया। इसका उद्देश्य हर तरह की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए तीनों सेनाओं के बीच समन्वय बढ़ाना है।नौसेना के अनुसार, नए सिद्धांत में युद्ध नहीं, शांति नहीं को शांति और संघर्ष के बीच की एक विशिष्ट श्रेणी के रूप में मान्यता दी गई है और इसे संघर्ष क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण आयाम माना गया है। इंडियन मैरीटाइम डाक्ट्रिन (भारतीय समुद्री सिद्धांत) पहली बार 2004 में प्रकाशित हुआ था और 2009 में इसे संशोधित किया गया था। 2015 में इसमें कुछ और मामूली संशोधन किए गए थे। नए संस्करण में भारत के समुद्री परिवेश और रणनीतिक दृष्टिकोण में आए बड़े बदलावों को दर्शाया गया है। नौसेना ने कहा कि यह सिद्धांत 2025 की रणनीति और अभियानों के लिए आधार तैयार करता है और यह स्पष्ट रूप से नौसेना की भूमिकाओं को परिभाषित करता है। इसका उद्देश्य भारत की क्षेत्रीय भूमिका और समुद्री प्रभाव को बढ़ाना है। साथ ही एक समुद्री-सचेत राष्ट्र का निर्माण करना है।बयान में कहा गया है कि नए संस्करण में पिछले एक दशक में भारत के समुद्री परिवेश में आए बदलावों को शामिल किया गया है। यह प्रतिद्वंद्वियों की रणनीतियों की उन्नत समझ को भी समाहित करता है और मानव रहित प्रणालियों तथा उभरती प्रौद्योगिकियों के एकीकरण पर जोर देता है।

# मप्र में अब रोबोट करेंगे किडनी की सर्जरी, जीएमसी में बनेगी हाई-टेक रोबोटिक यूनिट, इलाज का समय होगा आधा



**भोपाल, 03 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव आने वाला है। अभी तक सिर्फ बड़े निजी अस्पतालों तक सीमित रोबोटिक सर्जरी की हाई-टेक तकनीक अब सरकारी अस्पतालों में भी उपलब्ध होगी। इससे जटिल बीमारियों के इलाज में क्रांति आ जाएगी। मप्र चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुसार, भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कालेज (जीएमसी) में किडनी और यूरोलाजी से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी यूनिट बनाई जा रही है। इस यूनिट से मरीजों को जटिल आपरेशन की सुविधा मिलेगी।दावा है कि इससे इलाज का समय आधा और सर्जरी की सफलता की दर दोगुनी हो जाएगी। जीएमसी के पुराने ट्रामा ब्लाक में बनने वाली यह यूनिट रोबोटिक ट्रेनिंग, रिसर्च और यूरो-आन्कोलाजी (कैंसर) के जटिल मामलों के समाधान का हब बनेगी। प्रोफेसर डा. सौरभ जैन का कहना है कि रोबोटिक सर्जरी सबसे सुरक्षित तकनीक है और यही भविष्य है। उधर, एम्स का यूरोलाजी विभाग भी जल्द ही दा विंची रोबोटिक सिस्टम स्थापित करने जा रहा है। यह सिस्टम भारत के चुनिंदा सरकारी संस्थानों में शामिल होगा, जहां यह प्रसिद्ध तकनीक उपलब्ध है। दा विंची रोबोट का कैमरा इंसानी आंख से 10 गुना अधिक संवेदनशील है, जो सर्जरी को थ्री-डी हाई-डेफिनिशन में दिखाता है। डाक्टर बेहद बारीक नसों और गहराई में मौजूद ट्यूमर को भी स्पष्ट देख सकते हैं। यूरोलाजी विभाग का कहना है कि रोबोटिक सिस्टम से मरीज को बड़े कट की जरूरत नहीं पड़ेगी, खून का बहाव कम होगा और रिकवरी तीन से चार गुना तेजी से होगी। इस तकनीक के आने से अब किडनी के ट्यूमर, कैंसर, ट्रांसप्लांट और जटिल प्रोस्टेट सर्जरी के लिए मरीजों को दिल्ली, मुंबई या महंगे निजी अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। रोबोटिक मदद से डाक्टर एक मिलीमीटर से कम की मूवमेंट कर सकते हैं, जिससे गलतियों की संभावना खत्म हो जाती है।

## 13 साल की लड़की को खेत में खींचकर रेप कर्नाटक के बेलगावी में हैरान करने वाली घटना

**बेलगावी 03 दिसम्बर।** कर्नाटक के बेलगावी जिले से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां पर मंगलवार को एक 13 साल की लड़की को गन्ने के खेत में खींचकर उसके साथ रेप किया गया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए लोगों का नाम मणिकांठा दिन्निमनी और इरन्ना संकम्मनवर है। पुलिस का कहना है कि एक आरोपी ने लड़की के साथ मारपीट की, जबकि दूसरे ने पहरा देकर उसका साथ दिया।शुरुआती जानकारी के अनुसार, घटना मुरागोडा पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई। पुलिस ने बताया कि सातवीं क्लास की छात्रा को कथित तौर पर अगवा कर लिया गया और उसके साथ रेप किया गया, जब वह आटा चक्की से लौट रही थी।आरोपियों ने इस घटना को उस वक्त अंजाम दिया, जब नाबालिग लड़की आटा चक्की से घर लौट रही थी।



## राशि खन्ना ने जताया फैंस का आभार बोलीं- बेहद खास रहा यह जन्मदिन

अपनी हालिया रिलीज फिल्म 120 बहादुर की सफलता से गदगद अभिनेत्री राशि खन्ना का इस बार जन्मदिन भी बेहद खास रहा। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि उन्होंने अपना 35वां जन्मदिन कैसे सेलिब्रेट किया। राशि ने अपना 35वां जन्मदिन बेहद खास अंदाज में मनाया। इस बार उनका बर्थडे शोर-शराबे से दूर, अपनों के बीच प्यार और शांति से भरा रहा। राशि ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जन्मदिन पर प्यार लुटाने वालों का आभार जताया। उन्होंने परिवार और दोस्तों के साथ कुछ खूबसूरत तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए फैंस के साथ ही शुभचिंतकों का दिल से आभार जताया।

राशि खन्ना ने लिखा, कुछ जन्मदिन बहुत शोरगुल वाले होते हैं, यह वाला बहुत गर्मजोशी भरा था, प्यार से भरे फैन मीट से लेकर घर पर अपनों के बीच शांत सत्संग तक, यह जन्मदिन सच में बहुत खास था।

राशि खन्ना ने आगे बताया कि उन्हें मिले ढेरों शुभकामनाओं की वजह से वह बेहद खुश हैं और इसके लिए आभार भी व्यक्त किया।

उन्होंने लिखा, बहुत आभारी हूं। उन सभी का धन्यवाद जिन्होंने मुझे विश करने के लिए समय निकाला। ढेर सारा प्यार।

तस्वीरों में राशि अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ हंसते-मुस्कुराते और जन्मदिन का जश्न मनाती नजर आईं। पोस्ट की गई तस्वीरों में से एक में वह पारंपरिक कुर्ती-पायजामा पहने सत्संग के बीच शांत भाव से बैठी दिखीं, तो दूसरी तस्वीरों में केक काटते और अपनों से गले मिलते हुए बेहद खुश नजर आईं। फैंस के साथ हुई मुलाकात की कुछ झलकियां भी उन्होंने पोस्ट की।

राशि खन्ना की पोस्ट पर फैंस के साथ ही एक्ट्रेस वाणी कपूर भी कमेंट करती नजर आईं। कमेंट सेक्शन में हार्ट इमोजी डालते हुए उन्होंने राशि के प्रति अपने प्यार का इजहार किया। एक फैन ने लिखा, आपने कितनी सादगी से जन्मदिन मनाया, हैप्पी बर्थडे राशि। दूसरे ने कहा, इस शांत और प्यार भरे जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं।

## अनन्या पांडे ने शेयर किया नया लुक कार्तिक आर्यन संग जल्द आएंगी नजर



मशहूर अभिनेत्री अनन्या पांडे जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में नजर आएंगी। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म में अपने लुक की तस्वीरें पोस्ट कीं। अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के टाइटल ट्रैक की शूटिंग के दौरान अपने कुछ लुक्स की तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में अनन्या अलग-अलग स्टाइलिश ड्रेस में नजर आ रही हैं। उनके बाल, मेकअप और ड्रेस भी परफेक्ट हैं। तस्वीरें पोस्ट कर उन्होंने लिखा, फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के टाइटल ट्रैक के मेरे कुछ पसंदीदा लुक्स। क्या आपने अभी तक टाइटल ट्रैक देखा? मेरी ग्लैम और फैशन टीम को ढेर सारा प्यार। पोस्ट शेयर करने के बाद अनन्या के इंडस्ट्री के दोस्तों और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। अभिनेत्री उर्मिला मंतोडकर, महीप कपूर और नव्या नवेली नंदा ने फायर इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी।बता दें कि अभिनेत्री फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में कार्तिक आर्यन के साथ 6 साल बाद वापसी कर रही हैं। इससे पहले वे साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म पति पत्नी और वो में नजर आई थीं।

समीर विद्वांस द्वारा निर्देशित फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी को करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्वा मेहता और किशोर अरोड़ा मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर रिलीज की जाएगी। अगस्त्य नंदा की इक्कीस भी 25 दिसंबर को रिलीज होगी। अब देखना होगा कि दर्शक पर्दे पर रोमांस और लव स्टोरी को पसंद करते हैं या देशभक्ति से भरी कहानी को सराहते हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री लक्ष्य लालवानी के साथ फिल्म चांद मेरा दिल में नजर आएंगी। यह एक लव स्टोरी है, जिसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है।

# कर्म घोंघा जलप्रपात

## प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक विरासत से सजा उभरता पर्यटन केंद्र

### विकास की अपार संभावनाओं को साकार करने की दिशा में आवश्यक पहल



प्राकृतिक खूबसूरती, शांत वातावरण और धार्मिक आस्था का अनोखा मेल लिए कर्म घोंघा जलप्रपात जिले का एक प्रमुख आकर्षण बनता जा रहा है। हंसिया नदी का लगभग 100 फीट ऊँचाई से गिरता जलप्रपात अपनी कल-कल ध्वनि और मनभावन फुहारों के साथ पर्यटकों का मन मोह लेता है। आसपास घने वन, ऊँची-ऊँची पहाड़ियाँ और वर्षा ऋतु में जलप्रवाह का भव्य रूप इसे एक अद्वितीय प्राकृतिक धरोहर बनाता है।

**आस्था और प्रकृति का संगम**

कर्मघोंघा जलप्रपात के समीप स्थित कर्मघोघेश्वर धाम इस क्षेत्र की आध्यात्मिक महत्ता को और बढ़ाता है। मार्च 1986 में कटनी (म.प्र.) के कैलाश नारायण श्रीवास्तव द्वारा निर्मित यह मंदिर परिसर तीन सुंदर मंदिरों से मिलकर बना है। मध्य मंदिर में विराजमान भगवान शिव, बायीं ओर हनुमान जी और दाहिनी ओर मां दुर्गा की प्रतिमा यहाँ आने वाले भक्तों को अद्भुत शांति का अनुभव कराती है। महाशिवरात्रि पर न केवल जिले से बल्कि पड़ोसी अनूपपुर (म.प्र.) से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहाँ पहुंचते हैं।

**पर्यटन विकास की आवश्यकता**

पर्यटन/पुरातत्व अधिकारी डॉ. विनोद पांडेय बताते हैं कि यह पूरा क्षेत्र प्राकृतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। पक्की सड़क बनने के बाद यहाँ पर्यटकों की आवाजाही तेजी से बढ़ी है, जिससे इसे एक संगठित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता स्पष्ट होती है।

(1) स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा

पर्यटकों की बढ़ती संख्या से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं के लिए स्वरोजगार, दुकानों और गाइड सेवाओं जैसी गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है।

(2) जिले के पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान

कर्मघोंघा जैसा रमणीय स्थल विकसित होने पर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला पूरे प्रदेश के पर्यटन परिदृश्य में एक उभरते केंद्र के रूप में पहचाना जाएगा।

(3) प्राकृतिक संरक्षण को नई दिशा

संगठित पर्यटन विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन की संस्कृति भी मजबूत होगी।

**पर्यटन विकास के लिए आवश्यक कदम**

1. बुनियादी सुविधाएँ- सुरक्षित पाथवे और व्यू-पॉइंट, संकेतक बोर्ड व सूचना केंद्र, पेयजल, स्वच्छ शौचालय और बैठने की व्यवस्था, पर्याप्त पार्किंग स्थल

2. सुरक्षा प्रबंधन-रेलिंग और बैरिकेडिंग, प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति, 3. पर्यटन आकर्षण का विस्तार-साहसिक गतिविधियां-ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, नेचर वॉक, पकनिक जोन का सुव्यवस्थित विकास, फोटो और सेल्फी पॉइंट, बच्चों के लिए मनोरंजन स्थल

4. सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा-शिवरात्रि महोत्सव का व्यापक आयोजन, स्थानीय लोककला, हस्तशिल्प और व्यंजन को प्रोत्साहन

5. प्रचार-प्रसार और डिजिटल मार्केटिंग-स्थल का आधिकारिक वेब पेज, सोशल मीडिया प्रमोशन, पर्यटन विभाग द्वारा वीडियो डॉक्यूमेंट्री

पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी आवश्यक- स्थल को संरक्षित रखना भी उतना ही आवश्यक है जितना उसका विकास। प्लास्टिक-मुक्त क्षेत्र की घोषणा, कचरा प्रबंधन वन और जल स्त्रोतों के संरक्षण जैसी व्यवस्था पर्यटन को टिकाऊ बनाएँगी। प्राकृतिक सौंदर्य को विश्वसनीय पहचान देने का समय- कर्म घोंघा जलप्रपात सिर्फएक पिकनिक स्पॉट नहीं, बल्कि प्रकृति, संस्कृति और अध्यात्म का परिपूर्ण संगम है। योजनाबद्ध प्रयासों के साथ यह निश्चित रूप से जिले का सबसे आकर्षक पर्यटन स्थल बन सकता है। स्थानीय समुदाय की भागीदारी, प्रशासन की पहल और पर्यटन विभाग के सहयोग से कर्म घोंघा को एक मॉडल इको-टूरिज्म साइट के रूप में विकसित किया जा सकता है, जो न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और पहचान दोनों को नई दिशा देगा।

# संतरे को लंबे समय तक ताजा रखने के लिए अपनाएं ये तरीके



संतरा विटामिन-सी का अच्छा स्त्रोत है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के साथ-साथ शरीर को कई स्वास्थ्य लाभ दे सकता है। लोग इसे अपनी डाइट में शामिल करना पसंद करते हैं। हालांकि, कुछ लोग संतरे की ताजगी को लेकर परेशान रहते हैं और उन्हें लगता है कि कुछ ही दिन में ये सूखने लगते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे संतरे को लंबे समय तक ताजा रखा जा सकता है।

पानी में भिगोएं

अगर आप चाहते हैं कि संतरे लंबे समय तक ताजे रहें तो इन्हें पानी में भिगोकर रखें। इसके लिए एक बड़ी कटोरी में संतरे डालें और फिर इसके ऊपर पानी डालकर रातभर के लिए छोड़ दें। सुबह उठकर संतरे को पानी से निकाल दें और किसी सूती कपड़े से पोंछकर किसी ठंडी जगह पर रखें। इस तरह से संतरे 8 से 10 दिन तक ताजे बने रह सकते हैं। संतरे के सेवन से शरीर को कई लाभ मिलते हैं।

प्लास्टिक बैग में रखें

संतरे को प्लास्टिक बैग में रखने से भी ये लंबे समय तक ताजे रह सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले संतरे को किसी प्लास्टिक बैग में डालें और फिर इसे किसी ठंडी जगह पर रखें। ध्यान रखें कि बैग में हवा न जाने पाए। इससे संतरे 2 से 3 सप्ताह तक ताजे रह सकते हैं। अगर संतरे में से किसी एक का रंग बदलने लगे तो उसे तुरंत ठंडे स्थान पर रख दें।

फॉयल से लपेटें

संतरे को लंबे समय तक ताजा रखने के लिए फॉयल में लपेटना भी अच्छा तरीका है। इसके लिए सबसे पहले एक-एक करके संतरे को फॉयल से लपेटें और फिर इन सभी को किसी ठंडी जगह पर रखें। इससे संतरे 2 से 3 सप्ताह तक ताजे बने रहते हैं। आप चाहें तो फॉयल की जगह प्लास्टिक की शीट का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

पेपर टॉवल में लपेटें

संतरे को लंबे समय तक ताजे रखने के लिए इसे पेपर टॉवल में लपेटना भी अच्छा तरीका है। इसके लिए सबसे पहले एक-एक करके संतरे को पेपर टॉवल में लपेटें और फिर इन सभी को किसी ठंडी जगह पर रखें। इससे संतरे 2 से 3 सप्ताह तक ताजे बने रहते हैं। आप चाहें तो पेपर टॉवल की जगह सूती कपड़े का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

ठंडे स्थान पर रखें

अगर आप चाहते हैं कि संतरे लंबे समय तक ताजे रहें तो इन्हें ठंडे स्थान पर रखें। इसके लिए सबसे पहले एक प्लास्टिक बैग में संतरे डालें और फिर बैग को किसी ठंडी जगह पर रखें, लेकिन ध्यान रखें कि बैग में हवा न जाने पाए। इससे संतरे 2 से 3 सप्ताह तक ताजे रह सकते हैं। आप चाहें तो संतरे को किसी ठंडी जगह पर भी रख सकते हैं।



## सिरदर्द से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं ये 5 घरेलू नुस्खे

सिरदर्द एक आम समस्या है, जिससे लगभग हर कोई कभी न कभी गुजरता है। यह कामकाज में बाधा डाल सकता है और दैनिक जीवन को कठिन बना सकता है। कई लोग सिरदर्द के लिए दर्द निवारक दवाएं लेते हैं, लेकिन घरेलू उपाय भी इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। इन उपायों से न केवल दर्द कम होता है, बल्कि शरीर को भी आराम मिलता है। आइए कुछ सरल और प्रभावी घरेलू नुस्खे जानते हैं।

अदरक का सेवन करें-अदरक एक प्राकृतिक उपाय है, जो सूजन कम करने और दर्द को कम करने में मदद करता है। अदरक की चाय पीने या अदरक का रस निकालकर पीने से सिरदर्द में राहत मिल सकती है। अदरक में मौजूद खास तत्व सूजन कम करते हैं और दर्द को कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा अदरक का सेवन पाचन को भी सुधारता है और शरीर को ठंडक पहुंचाता है। पुदीने की पत्तियां लगाएं-पुदीने की पत्तियां ताजगी देती हैं और ठंडक का एहसास कराती हैं, जिससे सिरदर्द में आराम मिलता है। पुदीने की पत्तियों का रस निकालकर माथे पर लगाने या पुदीने की चाय पीने से भी फायदा होता है। पुदीने में एक खास तत्व होता है, जो नसों को आराम पहुंचाता है और रक्त संचार को बढ़ाता है। इससे सिरदर्द कम होता है और शरीर को ठंडक मिलती है। इसके अलावा पुदीने का सेवन पाचन को भी सुधारता है। तुलसी की पत्तियां चबाएं-तुलसी की पत्तियां चबाने से भी सिरदर्द में राहत मिल सकती है। तुलसी में मौजूद खास तत्व शरीर को मजबूत बनाते हैं और तनाव कम करते हैं, जिससे सिरदर्द कम होता है। तुलसी की चाय बनाकर पीने से भी फायदा होता है। इसमें मौजूद तत्व नसों को आराम पहुंचाते हैं और रक्त संचार को बढ़ाते हैं। इसके अलावा तुलसी का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी सुधारता है और शरीर को ठंडक पहुंचाता है। सेंधा नमक का उपयोग करें-सेंधा नमक से स्नान करने या पैर धोने से भी सिरदर्द में आराम मिलता है। इसमें एक खास तत्व होता है, जो मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है और तनाव कम करता है। सेंधा नमक के पानी में पैर डालने से रक्त संचार बेहतर होता है, जिससे सिरदर्द कम होता है। इसके अलावा सेंधा नमक का सेवन शरीर को ठंडक पहुंचाता है और ताजगी देता है। इससे मांसपेशियां भी आराम महसूस करती हैं और तनाव कम होता है। नारियल पानी पिएं-नारियल पानी में खास तत्व होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं और थकान मिटाते हैं। यह प्राकृतिक पेय पीने से सिरदर्द कम होता है। नारियल पानी पीने से शरीर में पानी की कमी पूरी होती है और शरीर को ठंडक मिलती है। इन घरेलू उपायों को अपनाकर आप बिना किसी दवा के अपने सिरदर्द को कम कर सकते हैं। इन उपायों को आजमाएं और खुद फर्क महसूस करें।

## राम गोपाल वर्मा की पुलिस में भूत में नजर आएंगे मनोज बाजपेयी, निर्देशक ने शेयर की तस्वीर



निर्देशक राम गोपाल वर्मा मनोज बाजपेयी के साथ दर्शकों को डर का एहसास कराने के लिए फिल्म पुलिस में भूत लेकर आ रहे हैं। शनिवार को निर्देशक ने सोशल मीडिया पर एक अभिनेता की तस्वीर पोस्ट की। निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी की तस्वीर पोस्ट की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, मनोज बाजपेयी की एक झलक पुलिस स्टेशन में भूत से।

निर्देशक की पोस्ट प्रशंसकों को काफी पसंद आ रही है। वे दोनों की फिल्म को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं क्योंकि निर्देशक और मनोज बाजपेयी लंबे समय के अंतराल के बाद फिर से साथ में वापसी कर रहे हैं। बात दें, दोनों ने आखिरी बार फिल्म सत्या में काम किया था। साल 1998 की फिल्म सत्या को दर्शकों ने काफी प्यार दिया था और इस फिल्म ने अभिनेता को भी अच्छी पहचान दी थी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा, सैफाली शाह, जेडी चक्रबर्ती, सौरभ शुक्ला, परेश रावल और उर्मिला मातोंडकर जैसे स्टार्स नजर आए थे। फिल्म में मनोज ने भीखू म्हात्रे का किरदार निभाया था, जो लोगों को आज भी याद आता है। अब दोनों लंबे समय के अंतराल के बाद फिल्म पुलिस स्टेशन में भूत में साथ आए हैं। इस फिल्म में अभिनेता के साथ अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख और राम्या कृण्णन भी होंगी। फिल्म का निर्माण वेव एमिरेट्स मीडिया प्रोडक्शन और कर्मा मीडिया एंटरटेनमेंट मिलकर कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म को लेकर अन्य जानकारी अभी सामने नहीं आई है। साल 2026 में इसके रिलीज की उम्मीद लगाई जा रही है। हाल ही में मनोज बाजपेयी की सीरीज फैमिली मैन सीजन 3 अमेजन प्राइम में स्ट्रीम हुई है। इस बार नई कहानियों के साथ नए किरदार भी जुड़े हैं, जिनमें जयदीप अहलावत और निमृत कौर शामिल हैं। इस बार सीरीज में श्रीकांत तिवारी की निजी जिंदगी और उनके प्रोफेशनल संघर्षों के बीच का टकराव देखने को मिल रहा है।

### कृति सैनन की तेरे इश्क में ने बॉक्स ऑफिस पर लगाई दहाड़

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन और धनुष की फिल्म तेरे इश्क में सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। पहले ही दिन से इस फिल्म का जलवा देखने को मिल रहा है। बॉक्स ऑफिस पर इसने अपनी मजबूत पकड़ को तीसरे दिन भी कायम रखा है। दूसरी ओर, विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की फिल्म गुस्ताख दिल सिनेमाघरों में उतरी, लेकिन कृति की फिल्म के आगे टिक नहीं सकी है।

### अवतारः फायर एंड ऐश तहलका मचाने को तैयार

मशहूर फिल्म निर्देशक जेम्स कैमरून अपनी सफल फ्रैंचाइजी अवतार की तीसरी किस्त के साथ वापसी कर रहे हैं। अवतार: द वे ऑफ वाटर की अपार सफलता के बाद, अगली किस्त अवतार: फायर एंड ऐश 2025 की सबसे बड़ी ग्लोबल रिलीज मानी जा रही है। इस बीच जानकारी आई है कि निर्माता भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू करने जा रहे हैं।

### सू- दोकू क्र.246

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.245 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# राजस्व कार्यालय में दलाल तंत्र सक्रिय, वसूली से आमजन परेशान

**जनकपुर।** एमसीबी जिले का भरतपुर राजस्व विभाग इन दिनों चर्चाओं में है। वजह है यहां पनप रहा दलाली तंत्र और भ्रष्टाचार का गहरा जाल। आम नागरिको ने आरोप लगाते हुए बताया कि जब अपने कामों को लेकर राजस्व कार्यालय पहुंचते हैं तो सीधे अधिकारियों से काम नहीं हो पाता, बल्कि बीच में सक्रिय दलाल ही रास्ता रोक लेते हैं। बताया जाता है कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन से लेकर नक्शा और नकल तक, हर काम के लिए मोटी रकम की मांग की जाती है। बिना दलालों को पैसे चढ़ाए किसी का काम समय पर नहीं होता है। नागरिकों ने आरोप लगाते हुए बताया कि जिन कार्यालयों को पारदर्शी व्यवस्था और न्याय के लिए जाना जाता है, वो अब पैसों की उगाही का अड्डा बन गए हैं। दलालों की सीधी पकड़ राजस्व के कुछ कर्मचारियों और कुछ अधिकारियों तक बनी हुई है। यही कारण है कि साधारण से साधारण कार्य भी महीनों तक लटकाए जाते हैं, ताकि मजबूर होकर लोग दलालों के चक्कर में पड़ें। सूत्रों के अनुसार भरतपुर राजस्व कार्यालय में दलाल खुलेआम घूमते हैं और लोगों को डराकर या लालच दिखाकर पैसे वसूलते हैं।




हैरानी की बात यह है कि यह सब कर्मचारियों की आंखों के सामने होता है, लेकिन किसी तरह की रोकथाम नहीं होती है। स्थिति यह है कि आम आदमी अपने ही कामों के लिए बेबस और लाचार महसूस करता है। इस मामले ने अब गंभीर रूप ले लिया है और स्थानीय नागरिकों ने सरकार व जिला प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। वहीं जनता का कहना है कि अगर भरतपुर राजस्व विभाग में दलाली तंत्र पर लगाम नहीं लगी तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखना होगा कि सरकार और जिला प्रशासन इस पर कब तक संज्ञान लेकर ठोस कदम उठाती है।

## गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे में संशोधन अवधि 15 तक बढ़ी

**कोरिया।** गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे से संबंधित प्रविष्टियों में संशोधन की अवधि को शासन ने एक बार फिर बढ़ा दिया है। पहले यह समय-सीमा 30 नवम्बर 2025 तक निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 दिसम्बर 2025 कर दिया गया है। शासन ने निर्देशित किया है कि सभी संबंधित अधिकारी एवं मैदानी अमला पीवी ऐप के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत आवश्यक संशोधन कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें, ताकि सर्वे की प्रविष्टियाँ शुद्धता के साथ समय पर तैयार की जा सकें। इसके साथ ही, कैरीफारवर्ड, डूबान क्षेत्र एवं वन पट्टाधारी कृषकों के पंजीयन हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में समितियों को उपलब्ध कराए जाने वाले प्रावधान की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 15 दिसम्बर 2025 कर दी गई है। पहले इसकी अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025 निर्धारित थी। शासन द्वारा यह निर्णय किसानों की सुविधा और पंजीयन प्रक्रिया में सुगमता लाने के उद्देश्य से लिया गया है। वर्तमान में इन श्रेणियों के कृषकों के पंजीयन की प्रक्रिया सक्रिय है, और सभी समितियों को विस्तारित अवधि के भीतर पात्र कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विस्तारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाए, ताकि किसी भी किसान को कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कार्य में तेजी लाने और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया है।

# वनभूमि से रेत का अवैध उतखनन और परिवहन पर ट्रेक्टर जब्त

**जनकपुर।** मनेन्द्रगढ़ वन मण्डल अंतर्गत कुँवारपुर रेंज के पतवाही बीट के वन भूमि से ट्रेक्टर ट्राली में रेत भरकर अवैध परिवहन करने पर वन कर्मियों ने कार्यवाही की है। रेत से भरा ट्रेक्टर ट्राली को पकड़कर जब्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार कुंवारपुर रेंज के पतवाही बीट के कक्ष क्रमांक 1271 में पत्थर एवं रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किए जाने की लगातार शिकायत मिल रही थी।

वन मण्डलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ मनीष कश्यप के निर्देश एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी कुंवारपुर के मार्गदर्शन में वन कर्मियों की एक टीम का गठन कर जंगल में निगरानी कर रहे थे साथ ही विभागीय मुखबिरों को भी लगा दिए। मंगलवार को मुखबिर से टीम को सूचना मिलते ही वनपाल रामायण शर्मा और वन रक्षक राजेन्द्र सिंह ने दबिश देकर पतवाही बीट के कक्ष क्रमांक 1271 में रेत का अवैध उतखनन कर ट्रैक्टर ट्राली में भरकर अवैध परिवहन करते हुए पकड़ लिए और भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 के तहत कार्यवाही कर ट्रेक्टर ट्राली को जब्त कर लिए। अवैध रूप से रेत का उतखनन एवं परिवहन में लगा ट्रेक्टर ट्राली जनकपुर निवासी अंकुश जायसवाल कि बताई जा रही है।



इस सम्बन्ध में वन परिक्षेत्र अधिकारी भूपेंद्र यादव ने बताया कि वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार का रेत-पत्थर का उत्खनन, परिवहन एवं पेड़ों को काटकर नष्ट करना या कि वन भूमि से छेड़छाड़ करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। किसी भी आरोपी को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वन संपदा की सुरक्षा में सहयोग करें और किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को दें। वन अमले की इस कार्यवाही को क्षेत्र में अवैध उत्खनन पर महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## व्यक्तिगत शौचालय हेतु हितग्राहियों के खातों में डीबीटी से प्रोत्साहन राशि जारी

**कोरिया।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत कोरिया जिले में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण कर चुके 104 हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 12 हजार रुपये प्रति हितग्राही की दर से कुल 12 लाख 48 हजार की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है। यह राशि जिले की दोनों जनपद पंचायतों के लाभार्थियों को प्रदान की गई है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार पात्र हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। स्वच्छ भारत मिशन की जिला समन्वयक ने बताया कि जिले में स्वच्छता को बढ़ावा देने और खुले में शौचमुक्त स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों की मदद से लाभार्थियों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण किया और जनपद पंचायत में कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया।निर्माण कार्यों की जांच के बाद सभी 104 लाभार्थियों के खातों में प्रोत्साहन राशि स्थानांतरित कर दी गई है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शेष पात्र हितग्राहियों के निर्माण कार्यों का सत्यापन कर समयबद्ध रूप से राशि भुगतान सुनिश्चित करें।

### कक्षा 6 वीं प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 को

**कोरिया।** जवाहर नवोदय विद्यालय, केनापारा, बैकुण्ठपुर, के प्राचार्य के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा कक्षा 6 वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए आवेदन किये गये अभ्यार्थी अपना प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय के वेबसाइट httpsÑ// cbseitms.rcil.gov.in/nvs से प्राप्त कर सकते है। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को प्रात: 11.30 बजे कोरिया जिले के 5 एवं एमसीबी जिले के कुल 11 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी।

# तहसील कार्यालय में इस्तहारों में त्रुटियों का सिलसिला जारी, आम नागरिक और किसान परेशान

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के तहसील कार्यालय में जारी किए जा रहे इस्तहारों में लगातार त्रुटियां पाए जाने से आम नागरिकों और किसानों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही और प्रक्रियात्मक गलतियों के कारण लोगों को बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तहसील कार्यालय में पदस्थ कुछ कर्मचारी जानबूझकर त्रुटिपूर्ण इस्तहार जारी करते हैं, जिससे सुधार के नाम पर लोगों को कई बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे न केवल समय की बर्बादी होती है, बल्कि मानसिक और आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है।

ताजा मामला बैकुंठपुर तहसील कार्यालय द्वारा जारी एक इस्तहार का है, जिसमें गंभीर प्रकार की गलतियां साफ तौर पर दिखाई देती हैं। इस्तहार में जारी दिनांक 21.11.2025 दर्ज है, जबकि न्यायालय में उपस्थिति हेतु निर्धारित तारीख 5.11.2025 दी गई है—जो कि जारी दिनांक से पहले की तारीख है। इस तरह की त्रुटि न केवल प्रक्रिया पर सवाल खड़े करती है, बल्कि इससे प्रभावित नागरिक को कानूनी और प्रशासनिक जटिलताओं का सामना भी करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस तरह की गलतियां तहसील कार्यालय में आम बात हो गई हैं। कई नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया है कि



तहसील कार्यालय में पदस्थ कुछ बाबू, जिनकी जिम्मेदारी सरकारी नियमों के अनुसार सही तरीके से इस्तहार तैयार कराना और उन्हें समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाना है, वे स्वयं ही प्रकाशन कार्य का ठेका अपने पास रखे हुए हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि इन कर्मचारियों द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशन के बदले अतिरिक्त धन की मांग की जाती है, जिससे किसानों और आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि तहसील कार्यालय में नियमों का पालन कम और मनमानी ज्यादा होती है। भूमि संबंधी मामलों, नामांतरण, बंटवारा तथा अन्य राजस्व प्रक्रियाओं के लिए आने वाले ग्रामीणों को घंटों लाइन में लगना पड़ता है, फिर भी त्रुटियों और अधूरे दस्तावेजों के नाम पर उन्हें बार-बार लौटाया जाता है। कई मामलों में सुधार के नाम पर महीनों बीत जाते हैं। इससे लोगों में तहसील कार्यालय के प्रति अविश्वास पैदा हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि खेत-खलिहान और रोजमर्रा के कार्यों के बीच तहसील के चक्कर लगाना बेहद परेशानी भरा होता है। इसके बावजूद यदि बार-बार गलतियां की जाएं, तो यह जनता के अधिकारों का उल्लंघन है। कई नागरिकों ने मांग उठाई है कि तहसील कार्यालय में व्याप्त अव्यवस्था और कथित भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। नागरिकों का यह भी कहना है कि जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को इस मामले का संज्ञान लेकर सख्त निर्देश जारी करने चाहिए, जिससे इस्तहार और अन्य राजस्व दस्तावेज सही समय पर और त्रुटि रहित जारी किए जा सकें। यदि ऐसा नहीं होता है तो जनता की परेशानियां बढ़ती रहेंगी और तहसील कार्यालय पर से आम नागरिकों का विश्वास लगातार कम होता जाएगा।

## धान खरीदी पर कलेक्टर सख्त-नोडल अधिकारियों की ली कड़ी क्लास, पारदर्शिता पर जोर

**कोरिया।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के 21 धान उपार्जन केंद्रों में चल रही खरीदी व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। समय-सीमा बैठक से पहले आयोजित इस समीक्षा में कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों से सीधे सवाल-जवाब कर खरीदी की वास्तविक स्थिति जानी। कलेक्टर ने यह जानकारी ली कि अवैध या संदेहास्पद धान खरीदी केंद्रों तक पहुँचने पर किस प्रकार जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी पूछा कि धान लेकर आने वाले वाहनों और चालकों की फोटो अपलोड की जा रही है या नहीं, धान की गुणवत्ता परीक्षण कितनी पारदर्शिता से हो रहा है, तथा भूमि स्वामी के पट्टा, ऋण पुस्तिका और रकबा समर्पण की जांच कितनी सजगता से की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न आए, यह सुनिश्चित करना हर अधिकारी और समिति प्रबंधक की जिम्मेदारी है। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने खाद्य, मार्कफेड और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप धान खरीदी प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता और सुगमता के साथ संचालित किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी परिस्थिति में बारदाना की कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सरकार किसानों के एक-एक दाने की खरीदी के प्रति प्रतिबद्ध है, परंतु फर्जी, बोगस और अवैध धान खरीदी पर पूर्ण विराम लगाया जाएगा। उन्होंने 15 नवंबर से अब तक केंद्रवार खरीदी गई धान की मात्रा की भी जानकारी ली और कहा कि सभी एसडीएम और तहसीलदार फर्जी व अवैध धान बिक्री तथा परिवहन पर कड़ी नजर रखें। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि किसानों को बिल्कुल भी परेशान न किया जाए और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में संपन्न हों। बैठक में अपर कलेक्टर सुरेंद्र प्रसाद वैद्य, डी.डी. मंडावी, संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता, श्रीमती दीपिका नेताम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नेटारहाट में आयोजित किया एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

**रामानुजगंज।** शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महा विद्यालय, रामानुजगंज के वनस्पति विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर छात्रङ्कछात्राओं ने 30 नवंबर को विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक एस. बी. यादव के नेतृत्व में झारखंड के प्रसिद्ध पर्वतीय स्थल नेटारहाट का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया।इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्वतीय पारितंत्र, पौधङ्कविविधता, प्राकृतिक अनुकूलन और औषधीय पादपों का प्रत्यक्ष एवं व्यवहारिक अध्ययन कराना था। नेटारहाट, जिसे 'क्वीन ऑफ छोटानागपुर' के नाम से जाना जाता है, अपनी विशिष्ट जलवायु, घने वन, फर्नङ्कलाइकेन विविधता, जलीय एवं पर्वतीय वनस्पतियों और जलप्रपातों के लिए प्रसिद्ध है।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने लोअरङ्कअपर घाघरी जलप्रपात, नाशपाती उपवन, कोयल व्यू प्वाइंट/सूर्योदय स्थल, नेटारहाट झील, वन विश्राम गृह, अरुणोदय अतिथि गृह, टी.आई.सी./कैफेटेरिया और डाक बंगला परिसर का अवलोकन किया और पर्वतीय वनङ्कपरिस्थितिकी तथा विभिन्न पौध प्रजातियों का गहन अध्ययन किया।इस यात्रा की सफलता में एम.डी. अकीफ सर और प्राचार्य डॉ. रोज़ लिली बड़ा का मार्गदर्शन अहम रहा।

### आवारा कुत्तों के प्रबंधन एवं जन सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर

**सूरजपुर।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में, राज्य सरकार ने संस्थागत एवं शहरी क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए विभिन्न विभागों को जन सुरक्षा एवं आवारा कुत्तों के प्रभावी प्रबंधन के लिए निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत संचालित जन शिकायत निवारण प्रणाली-हेल्पलाइन नंबर निदान 1100 जारी किया गया है ताकि नागरिक आवारा कुत्तों तथा अन्य जनसमस्याओं से संबंधित शिकायतें बिना किसी विलंब के दर्ज कर सकें और त्वरित निराकरण प्राप्त कर सकें।

# स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से ही विकसित होगा देश




**अंबिकापुर।** सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के उद्देश्य से कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) व स्वदेशी जागरण मंच की ओर से निकाली गई 'स्वदेशी संकल्प यात्रा% मंगलवार को अंबिकापुर पहुंची। महाराष्ट्र के नागपुर से शुरू हुई यह यात्रा देशभर में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और जन-जागरूकता फैलाने का संदेश लेकर विभिन्न राज्यों में भ्रमण कर रही है।

अंबिकापुर आगमन पर यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल और नगर निगम के सभापति हरमिंदर सिंह ने यात्रा दल का स्वागत किया। मंत्री अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत का आधार स्वदेशी सोच और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा उत्पादन में भारत की आत्मनिर्भरता का उल्लेख किया और कहा कि भारत आज एक निर्यातक देश के रूप में उभर रहा है। उन्होंने इस जागरूकता यात्रा के लिए सीएआईटी का आभार जताया। सभा को सभापति हरमिंदर सिंह और सीएआईटी के संभाग प्रभारी शंकर बजाज ने भी संबोधित किया। इसके बाद यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए घड़ी चौक पहुंची, जहां महापौर मंजूषा भगत ने यात्रा का स्वागत किया। महापौर ने कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक नागरिक द्वारा स्वदेशी उत्पादों को अपनाना जरूरी है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया और यात्रा को आगे के गंतव्य के लिए रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन सीएआईटी प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र तिवारी ने किया। नगर भ्रमण के दौरान सीएआईटी के विभिन्न पदाधिकारी जैसे मुकेश अग्रवाल, अभिषेक सिंह, अजीत अग्रवाल, सुनिल अग्रवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## अब तक 1,83,937.6 क्विंटल धान की खरीदी

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की किसान हितैषी नीतियों तथा कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में जिले में धान खरीदी तिहार सुचारू रूप से जारी है। प्रशासन की सतत निगरानी और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के चलते उपार्जन केंद्रों में तुलाई, बारदाना, भुगतान तथा स्टाफ की उपलब्धता संतोषजनक है, जिससे किसानों को बिना किसी परेशानी के धान विक्रय करने में सहूलियत मिल रही है। समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल मिलने से किसानों में उत्साह का वातावरण है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 1,83,937.6 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। निर्धारित तिथि एवं समय पर टोकन के आधार पर किसान उपार्जन केंद्र पहुंचकर संतोषपूर्वक धान बेच रहे हैं। मोबाइल आधारित तुंहर टोकन ऐप किसानों के लिए बड़ी सुविधा साबित हो रहा है। इस प्रणाली के लागू होने से केंद्रों में लंबी कतारों की समस्या समाप्त हो गई है। अब किसान अपने तय समय पर पहुंचकर आसानी से धान विक्रय कर रहे हैं।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत छात्राओं को अधिकारों और सुरक्षा की विस्तृत जानकारी

**एमसीबी।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार और जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तीकरण केंद्र (हब), महिला एवं बाल विकास विभाग एमसीबी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु चल रहे 16 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय मनेंद्रगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं को लिंग आधारित हिंसा, डिजिटल हिंसा, अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि अधिकारों, अवसरों और शिक्षा से किसी भी प्रकार का वंचन न हो, इसके लिए जागरूक व सशक्त होना आवश्यक है, ताकि समाज को हिंसा मुक्त बनाया जा सके। इस दौरान बाल अधिकार, सामाजिक भेदभाव के सकारात्मक-नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा की गई तथा बालिकाओं को विभिन्न वीरांगनाओं के प्रेरणादायी जीवन से सीख लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को निम्न महत्वपूर्ण योजनाओं और कानूनों की जानकारी भी दी गई-लैंगिक समानता का महत्व, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सखी वन-स्टॉप सेंटर, संवेदनशीलता एवं साइबर सुरक्षा, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर-181, 1098, 1930, सुकन्या समृद्धि योजना, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी प्रदान किया गया।

पस्थित छात्राओं को विभिन्न योजनाओं से संबंधित ब्रोशर भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मिशन शक्ति (हब) के कर्मचारी, सखी केंद्र के सदस्य, महाविद्यालय के प्राचार्य, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

* **एमसीबी।** नगर पालिका चिरमिरी द्वारा आज पूरे शहर में एंटी रेबीज वैक्सीनेशन अभियान का व्यापक संचालन किया गया।

## किसानों का विरोध, सड़क पर किया चक्का जाम

**रामानुजगंज।** रामचंद्रपुर धान खरीदी केंद्र को पुराने स्थान पर जगह कम होने और भारी वाहनों की आवागमन समस्या के कारण कालिकापुर कुरशा नाला के उस पार नए स्थान पर शिफ्ट किया गया है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि नया स्थान सुविधाजनक और खरीदी प्रक्रिया के लिए बेहतर है, लेकिन किसानों में यह बदलाव गंभीर नाराज़गी पैदा कर गया है।किसानों का कहना है कि नया केंद्र पुराने स्थान से लगभग 3 किलोमीटर दूर और जंगली इलाके में स्थित है, जो हाथियों के विचरण क्षेत्र में आता है। इससे धान बेचकर लौटते समय किसानों को भय का सामना करना पड़ेगा। किसानों का कहना है कि वर्षों से रामचंद्रपुर में चल रहा परंपरागत खरीदी केंद्र पर्याप्त सुविधाओं और आसान पहुँच के कारण आदर्श था। इस निर्णय को एकतरफा और किसान हितों के विरुद्ध बताया जा रहा है।आज नाराज़गी के चलते ामचंद्रपुर-रामानुजगंज-सनावल मार्ग पर सैकड़ों किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम किया, जिससे दोनों तरफलंबी वाहनों की कतार लग गई।

**चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट नई ब्रॉड गेज रेल लाइन परियोजना**

## भूमि अर्जन एवं परिसंपत्तियों पर आपत्तियां आमंत्रित, अब तेजी से आगे बढ़ रहा है कार्य

**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ रेलवे परियोजना के अंतर्गत चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट नई ब्रॉड गेज रेल लाइन के लिए प्रभावित ग्रामों की भूमि एवं परिसंपत्तियों के संबंध में आकंलित प्राथमिक प्रतिकर राशि की गणना हेतु जिला प्रशासन ने लोक सूचना जारी की है। जिन भूमि स्वामियों को वामित्व, क्षेत्रफल, मूल्यांकन या प्रतिकर राशि पर आपत्ति है, वे निर्धारित अवधि में दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिला प्रशासन के अनुसार दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि 02 दिसंबर 2025 से 09 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। अवकाश दिवस एवं 18 से 25 दिसंबर तक घोषित अवकाश को छोड़कर प्रत्येक दिन दोपहर 12:00 से शाम 03:00 बजे तक आवेदन लिया जाएगा। आवेदन कक्ष क्रमांक 08, न्यायालय लेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में जमा किए जा सकेंगे। संपर्क अधिकारी अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार को नियुक्त किया गया है।परियोजना की पृष्ठभूमि : 2018 से 2023 तक अधर में लटका रहा कामउल्लेखनीय है कि इस महत्त्व कांक्षी परियोजना की नींव तत्कालीन विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के कार्यकाल में रखी गई थी। उस समय राज्य और केंद्र दोनों सरकारों का संयुक्त सहयोग इस परियोजना में निर्धारित था।लेकिन वर्ष 2018 में भाजपा सरकार के परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार द्वारा इस रियोजना को अभी आवश्यकता नहीं कहते हुए रोक दिया गया। अगले 05 साल तक परियोजना अधर में पड़ी रही। इस दौरान क्षेत्र में घंटी बजाओ ङ्क सरकार को जगाओ जैसा जनांदोलन भी चला, लोगों ने बार-बार मांग उठाई, परंतु इसका असर नगण्य रहा। 2023 में फिर मिली रफ्तार विधायक ने रखा प्राथमिकता मेंवर्ष 2023 के विधानसभा चुनावों में एक बार फिर श्याम बिहारी जायसवाल विधायक बने।

## निर्वाचन आयोग ने जारी किया संशोधित कार्यक्रम

**सूरजपुर।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेश के तहत 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण की पूर्व निर्धारित अनुसूची को निरस्त करते हुए नया संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग ने चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए नई समय-सारणी निर्धारित की है। जिसके अनुसार मतदाता गणना कार्य 11.12.2025 (गुरुवार) तक, मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण/पुनर्व्यवस्था 11.12.2025 (गुरुवार) तक, कंट्रोल टेबल में अद्यतन एवं ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का तैयार करना 12.12.2025 (शुक्रवार) से 15.12.2025 (सोमवार), ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 16.12.2025 (मंगलवार), दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 16.12.2025 (मंगलवार) से 15.01.2026 (गुरुवार), नोटिस चरण - सुनवाई एवं सत्यापन एवं दावे-आपत्तियों का निराकरण 16.12.2025 (मंगलवार) से 07.02.2026 (शनिवार), मतदाता सूची के स्वास्थ्य मानकों की जांच।

# जनपद सदस्य पर सहकारिता विभाग की कार्यवाही

**तीन दिवस में मांगा जवाब, आदिम जाति सेवा सहकारी विभाग में प्राधिकृत अध्यक्ष नियुक्ति पर पूर्व में हुई थी शिकायत**

**कोरिया बैकुंठपुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सलबा, (बैकठपुर कोरिया) मे जनपद सदस्य को अध्यक्ष प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किए जाने को ले कर सहायक पंजीयक कार्यालय में आवेदक राजेश रजवाड़े ने दिनांक 18.10.2025 को शिकायत की थी अपने शिकायत में यह उल्लेख किया है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सलबा मे जनपद सदस्य को सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष मनोनीत किया गया है जबकि सरकार द्वारा मानदेय प्राप्त करने वाला कोई भी व्यक्ति सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष नहीं रह सकता है जिसके शिकायत सहकारिता विभाग ने तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा था।

इस संबंध में विदित हो कि छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 43-ख के उपनियम (4) (क) के प्रावधान अनुसार गठित कमेटी द्वारा दिनांक 14.11.2024 को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. सलबा पं. क्र. 290 विकास खंड बैकुंठपुर जिला कोरिया के बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत किए जाने हेतु अनुशंसा की गयी थी उक्त अनुशंसा के परिपालन में कार्यालयीन आदेश क्र./विधि/2024/ 513 बैकुंठपुर दिनांक 14.11.2024 के द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या सलबा के बोर्ड के शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत किया गया था। छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 43 (ख) एवं 44(घ) में उल्लेखित अयोग्यताओं से ग्रसित होने पर स्पष्टीकरण 03 दिवस के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत सुनिश्चित करने कहा गया था लेकिन सूत्रों की माने तो जनपद सदस्य द्वारा तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण नहीं देते हुए, सहकारिता विभाग के अधिकारी को ही फटकार लगा दी है जिसके बाद से विभाग कार्यवाही करने से कतरा रहा है जिसके कारण सलबा आदिम जाति सेवा सहकारी विभाग में अब तक नए अध्यक्ष की




नियुक्ति नहीं की गई है जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र है जिसमें अध्यक्ष नियुक्ति भी आदि वासी के समिति सदस्य को बनाया जाता है जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद कोरिया जिले में नियम विपरीत समितियों में अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है जिसकी शिकायतें भी आम जनता द्वारा विभाग में की गई है वहीं नियमों के विपरीत अध्यक्ष नियुक्तियों पर सवाल खड़े हो रहे है छत्तीसगढ़ राज्य के कोरिया जिले के सलबा आदिम जाति सेवा सहकारी विभाग में अध्यक्ष नियुक्ति की गई है अन्य जिलों में जबकि ऐसा नहीं देखा गया है पूर्व में कांग्रेस सरकार जब तक रही तब भी आदिम जाति सेवा सहकारी विभाग में नियम के तहत अध्यक्ष नियुक्त हुआ करते थे फिलहाल देखना होगा सहायक पंजीयक कार्यालय के अधिकारी द्वारा किस प्रकार से आगे कार्यवाही करती है या राजनीतिक दबाव के कारण विभाग मौन रहेगा।

## सैकड़ों बसपाई गए जांजगीर

**कोरबा।** जांजगीर के सुकली में आज बसपा का जोन स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है। इसमें राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. अशोक सिद्धार्थ शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश प्रभारी डॉ. दाऊराम रत्नाकर, प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन भी मौजूद रहेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए कोरबा जिले से भी सैकड़ों कार्यकर्ता रवाना हुए हैं। कार्यक्रम में जाने के लिए बसपा के जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी के द्वारा बैठक लेकर अलग-अलग दायित्व दिया गया था। कटघोरा विधानसभा के अध्यक्ष राघवेंद्र मनहर, कोरबा विधानसभा अध्यक्ष गज्जू चौहान, भगवती केमेंडीज, महेंद्र निराला सहित अनेकों कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## प्रदेश संयोजकों का होगा स्वागत

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा डॉ. देवेंद्र कश्यप को चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक, नरेंद्र देवांगन को बुनकर प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक एवं पवन गर्ग को पंचायत प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक बनाया गया है। उनके आज प्रथम नगर आगमन पर कोसाबाड़ी क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। इसकी तैयारी मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, मिलापराम, पुनीराम साहू, संजीव शर्मा, जय लहरे, रमा मिरी, सुभाष राठौर, दिनेश तिवारी के द्वारा की जा रही है। पवन गर्ग पूर्व में भाजपा के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा डॉ. देवेंद्र कश्यप महत्वपूर्ण पद पर रहे हैं। इनकी नियुक्ति पर भाजपाईयों में व्यापक उत्साह है।

## डॉ. महंत कार्यकर्ताओं की लेंगे बैठक

**कोरबा।** कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत आज पाली क्षेत्र का दौरा करते हुए कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। यहां पर एसआईआर के संबंध में जानकारी दी जाएगी। बैठक में जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा, दुलेश्वरी सिदार, सत्यनारायण पैकरा, सावित्री श्रीवास सहित ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। श्री महंत बैठक लेने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घर भी जाएंगे और उनसे मुलाकात करेंगे।

***कोरबा।** तापमान में गिरावट के संकेतों के साथ अभी से ही स्थानीय मिष्ठान दुकानों में तिलकुट, गजक और अन्य सामाग्रियों की खेप का पहुंचना शुरु हो गया है। बिहार और एमपी के इस प्रोडक्ट की अच्छी मांग है।

# कबाड़ चोरों की गैंग ने सिर उठाना किया शुरू, आखिर किसका संरक्षण

### एसईसीएल की रेलपांत की चोरी होने से उठे कई सवाल



कोरबा। कोलफील्ड्स इलाके में कोयला परिवहन के लिए पिछले वर्षों में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा बिछाए गए रेलवे ट्रैक कई जगहों पर सुरक्षित नहीं रह गए हैं। कबाड़ चोरों का दुस्साहस ही कहना होगा कि रेलवे ट्रैक की चोरी शुरू हो गई है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि आखिर कबाड़ चोरों की गैंग को संरक्षण कहां से मिल रहा है।

यद्यपि समय रहते निगरानी होने और सूचना मिलने से बांकीमोंगरा पुलिस ने 36 पीस रेलवे ट्रैक की जब्ती बना ली और उसे अपने सुपुर्द कर लिया। खबर के अनुसार इस प्रकरण में बल्गीखार इलाके के चर्चित कबाड़ी धरम सिंह और उसकी गैंग की भूमिका के बारे में पता चला है लेकिन धरम पकड़ से बाहर है। जानकारों का कहना है कि बांकीमोंगरा के साथ-साथ अन्य कोलफील्ड्स इलाके में संगठित अपराध करने वाले गिरोह की सक्रियता एक बार फिर से शुरू हो गई है और समय-समय पर इसके नमूने सामने आ रहे हैं। इससे पता चलता है कि अपराधियों का समूह अपने सरगना के नेतृत्व में फिर से फल-फूलने लगा है। कहा जा रहा है कि बिना किसी बड़े संरक्षण के इस प्रकार की कोशिशें परवान नहीं चढ़ सकती। इन हरकतों से कुल मिलाकर भारत सरकार की संपत्ति का नुकसान हो रहा है।

### कुसमुंडा और दीपका में पकड़ा गया सामान

बीते दिनों सुरक्षा बल और पुलिस के प्रयासों से एसईसीएल कुसमुंडा और गेवरा-दीपका में डीजल के अलावा रोलर की जब्ती बनाई गई। कहा जा रहा है कि गैंग ने भीतर ही भीतर इन सामानों की उपयोगिता तय कर रखी थी लेकिन भनक लगने पर प्लान चौपट हो गया। ऐसी घटनाओं में अपराध दर्ज किए गए हैं।

## बांगो पुलिस थाना में प्रशिक्षित कर्मी नहीं प्रभारी परेशान

**कोरबा।** जिले के बांगो पुलिस थाना में प्रशिक्षित कर्मचारियों की जरूरत महसूस की जा रही है। उनकी कमी से यहां के कामकाज पर काफी असर पड़ रहा है। कहने के लिए बांगो पुलिस थाना में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध जरूर कर दिया गया है लेकिन इनमें स्किल्ड वर्कर का आभाव साफ तौर पर नजर आ रहा है। स्थिति यह है कि पुलिस कर्मचारी मनमानी तरीके से कामकाज को लेकर अजीब ढर्रा बनाए हुए हैं। समय सारणी का कोई ध्यान नहीं रखे जाने के चक्कर में थाना प्रभारी को ही कंप्यूटर वर्क से लेकर दूसरे कामकाज निपटाने पड़ रहे हैं। इसमें ही काफी समय जाया हो रहा है। जानकारी मिली है कि काफी समय से इस प्रकार की परिस्थितियों यहां पर बनी है और इसके कारण अनुसंधान से लेकर दूसरे कामकाज बाधित हो रहे हैं। माना जा रहा है कि अगर स्किल्ड वर्कर यहां उपलब्ध हो जाते हैं तो पूरी समस्या समाधान हो जाएगा

# दुकान से काम कर घर लौट रहे युवक की हादसे में मौत



**कोरबा।** हरदी बाजार में पिछली रात हुई दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। उसका शव सड़क पर लहूलुहान स्थिति में मिला। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। घटना को अंजाम देने वाले वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

हरदीबाजार में हुए हादसे में 43 वर्षीय पवन श्रीवास की मौत हो गई जो एक कपड़ा दुकान में काम करने के बाद घर लौट रहा था। बताया गया कि छिंदपुर निवासी युवक पवन को हरदीबाजार थाना से 50 मीटर आगे मोड़ पर अज्ञात वाहन ने ठोक दिया। कुछ देर के बाद इसकी जानकारी हुई। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को अवगत कराया। प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी करते हुए पवन के शव को मर्च्यूरी में भिजवाया गया। आज पोस्टमार्टम आदि प्रक्रियाएं पूरी की जा रही है। पुलिस ने कहा कि बीएनएसएस के अंतर्गत मर्ग कायम किया गया है। दुर्घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी से उस वाहन के बारे में जानकारी हासिल करने की कोशिश की जा रही है, जिसकी वजह से दुर्घटना में पवन की मौत हुई। इससे पहले भी ऐसे कई हादसे इलाके में हो चुके हैं जिनमें कई जिंदगियां समाप्त हो गई। स्थानीय लोगों की मांग है कि एसईसीएल के परियाजना क्षेत्र में हरदीबाजार का अधिग्रहण होने तक सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए जाने चाहिए।

## हेल्थ केयर ट्रेड के छात्रों ने एड्स की बताई सच्चाई



**कोरबा।** ह्यूमन इम्यूनोडिफिशिएंसी वायरस के कारण ऐडस नामक रोग होता है। बीते वर्षों में इस बीमारी से काफी संख्या में लोगों की जान जा चुकी है। जबकि चिकित्सा विज्ञान ने कई अनुसंधान के बाद प्रभावितों को बचाने के लिए उपचार की खोज की है। एड्स को लेकर कई प्रकार की भ्रांतियां समुदाय में बनी हुई है जिन्हें दूर करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। कोरबा जिले के कटघोरा में विश्व एड्स दिवस पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए तथ्यों की जानकारी लोगों को दी।

## पोखरी के सौंदर्यीकरण को लेकर 30 करोड़ का प्रस्ताव भेजा

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर स्थित पोखरी के सौंदर्यीकरण को लेकर वेलफेयर कमेटी के सदस्य काफी गंभीर हैं। उन्होंने इस मामले को प्रबंधन के सामने रखा। प्रबंधन ने इस प्रस्ताव को कोरबा मुख्यालय को भेजने के बाद प्रस्ताव एसईसीएल मुख्यालय को भेज दिया गया है। वेलफेयर कमेटी के सदस्य मिनीलाल साहू, रामलाल साहू, राजेश पिल्ले, डी.रविंद्र, छतराम मिरी का कहना है कि पोखरी में पर्याप्त पानी है। इस पानी की आपूर्ति कालोनी में की जा रही है। पोखरी में नाव चलाया जा सकता है। इसके अलावा आसपास रहने वाले कोयला कामगार यहां आकर मनोरंजन कर सकते हैं, इसलिए पोखरी का सौंदर्यीकरण किए जाने की जरूरत है। इस क्षेत्र में कोई भी बड़ा घुमने लायक स्थल नहीं है। पोखरी का सौंदर्यीकरण बढ़ाकर इसका लाभ कोयला कामगारों को दिया जा सकता है।



जमनीपाली में मुख्य मार्ग पर एक एक्टिवा सवार को बचाने के चक्कर में चार पहिया गाड़ी होटल की दीवार से जा भिड़ी। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

# जनहित से जुड़े मुद्दों पर हो रही प्रभावी कोशिश : पद्मिनी



**कोरबा।** जिले के नगर पंचायत क्षेत्र छुरीकला अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन ने कहा है कि नगरी क्षेत्र में बुनियादी जरूरत को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में कार्य कराए जा रहे हैं। सभी तरह की समस्याओं का निराकरण करना हमारी प्राथमिकता का हिस्सा है।

पद्मिनी ने बताया कि नगर के कुछ हिस्सों में लंबे समय से विभिन्न प्रकार की समस्याएं विद्यमान रही। अध्यक्ष निर्वाचित होने के साथ हमने इन समस्याओं को न केवल लिस्टेड किया बल्कि इस बारे में कार्य योजना बनाने के साथ रणनीति तैयार की, ताकि बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हो सके। नगर के कुछ क्षेत्रों में जल उपलब्धता से संबंधित समस्याएं बनी थी इनके समुचित समाधान के लिए हर संभव प्रयत्न किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार में जनता से जुड़ी समस्याओं और जरूरत के समाधान के लिए किसी भी स्तर पर धन की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री से लेकर नगरीय विकास मंत्री और हमारे जिले से प्रतिनिधित्व करने वाले कैबिनेट मंत्री का भरपूर सहयोग स्थानीय विकास के मामले में लगातार मिल रहा है। पद्मिनी ने बताया कि वर्तमान में स्थानीय मुख्य मार्ग की बेहतरी के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के सफल कार्यकाल के 2 वर्ष 12 दिसंबर को हो रहे हैं। इस मौके पर हम स्थानीय स्तर पर कुछ अच्छा करने की कोशिश में है।

## जनजाति क्षेत्रों में सामाग्री का वितरण करेगी हरिहर धरती

**कोरबा।** रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों की संस्था हरिहर धरती ने तय किया है कि वह इस बार भी जनजाति क्षेत्रों में पहुंचकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को ठंड के लिहाज से गर्म कपड़े वितरित करेगी। इसमें कंबल को भी बड़ी मात्रा में शामिल किया गया है। बीते 10 वर्षों से जिले के पांच विकासखंड के 25 से अधिक गांव में संस्था ने अपनी उपस्थिति के साथ अलग-अलग मौके पर सामाजिक सरोकार का प्रदर्शन किया है। संयोजक ने बताया कि पूर्व एआरएम अवधेश त्रिवेदी के कार्यकाल में इस प्रकार की पहली कोशिश की गई थी।

# राजभाषा दिवस पर नाट्य निदेशक घनश्याम के गीत को मिली सराहना

**कोरबा।** कोरबा जिले के साहित्यकार और नाट्य निदेशक घनश्याम श्रीवास ने राजभाषा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी की। उन्होंने छतीसगढी में-छतीसगढी भाखा जी संगी,सबे के हिरदे मा समावत है, को प्रस्तुत किया। सभी वरिष्ठ साहित्यकारो ने घनश्याम श्रीवास की रचना की सराहना की।

छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग द्वारा राजधानी में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया। छत्तीसगढ़ राज्य में छत्तीसगढ़ी भाषा क्यों जरूरी है इस विषय पर गंभीरता पूर्वक चर्चा किया गया। कोरबा जिले से घनश्याम श्रीवास यहां पर आमंत्रित किए गए थे। वे चार दशक से साहित्य की विभिन्न विधाओं में काम कर रहे हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में अपना कौशल दिखाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन,विशिष्ट अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर लोकसभा क्षेत्र, अतिथि पुरंदर मिश्रा विधायक रायपुर उत्तर, अनुज शर्मा विधायक धरसीवा, डॉ. रोहित यादव सचिव छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में चर्चा गोष्ठी के अंतर्गत पुरखा के सुरता जिसमें स्वर्गीय सुरजीत नवदीप के जीवन के ऊपर रामेश्वर वैष्णव वरिष्ठ साहित्यकार छत्तीसगढ़ रायपुर तथा चंद्रशेखर शर्मा धमतरी ने अपनी बात रखी,तथा दूसरे क्रम में स्वर्गीय केदार कश्यप जी के जीवन पर श्रीमती प्रतिष्ठा सिंह मुंगेली से तथा आर. एन. राजपूत बिलासपुर से अपनी बात रखी। राज्य स्तरीय इस विशाल कार्यक्रम में कोरबा जिले के वरिष्ठ गीतकार, गजलकार,नाट्य निर्देशक व रंगकर्मी घनश्याम श्रीवास विगत 40 वर्षों से लगातार कार्य कर रहें। इस हेतु इन्हें अनेकों सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है जो कोरबा जिले के साथ छतीसगढ राज्य के लिए गौरव की बात है।छतीसगढ महतारी संस्कृति संवर्धन सेवा समिति छतीसगढ़ के सांस्कृतिक सचिव भी हैं।

# आरोग्य परियोजना से लोगों को निरोगी जीवन देने बालको ने दक्ष बनाया 80 युवाओं को



**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपनी सामुदायिक विकास परियोजना 'आरोग्य' के अंतर्गत 2-दिवसीय 'युवा नेतृत्व एवं विकास मॉडल प्रशिक्षण' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम युवाओं को समुदाय में जिम्मेदार, जागरूक और सक्रिय स्वास्थ्य लीडर के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में 80 से अधिक युवाओं को नेतृत्व विकास की विभिन्न अवधारणाओं से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के प्रमुख विषयों में आत्म-जागरूकता एवं व्यक्तित्व विकास, भावनात्मक एवं तनाव प्रबंधन, प्रभावी संप्रेषण कौशल, समस्या-समाधान और निर्णय क्षमता, एचआईवी/एड्स एवं ट्यूबरक्लोसिस की रोकथाम, लक्षण पहचान और सामाजिक कलंक का उन्मूलन शामिल थे। आज भी एचआईवी/एड्स और टीबी जैसी बीमारियों में सामाजिक भ्रांतियों व्याप्त हैं, इसलिए विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक जानकारी, सुरक्षित व्यवहार, प्रारंभिक जांच और उपचार प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया। युवाओं को यौन स्वास्थ्य, सुरक्षित संबंधों और उसके रोकथाम उपायों के संबंधित प्रमाणिक जानकारी से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सरकारी स्वास्थ्य विभागों के प्रमुख अधिकारी, डॉ. रविकांत सिंह राठौर (नोडल अधिकारी, एचआईवी/एड्स कार्यक्रम), बी. आर. रात्रे (नोडल अधिकारी, टीबी कार्यक्रम) और वीना मिस्त्री (आईसीटीसी काउंसलर, जिला अस्पताल, कोरबा) ने सहभागिता कर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया। बालको एवं स्रोत (एनजीओ पार्टनर) तथा सरकारी स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त भागीदारी ने प्रशासन एवं बालको सामुदायिक विकास के सहयोगी स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत करने का संदेश दिया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको का विश्वास है कि जागरूक और सशक्त युवा ही स्वस्थ समुदाय की नींव होते हैं। दो दिनों के प्रशिक्षण में युवाओं ने स्वास्थ्य, नेतृत्व और जिम्मेदारी से जुड़े मूल्यवान ज्ञान को सीखा। सरकारी विभागों और हमारे भागीदारों का सहयोग इस पहल को और मजबूत बनाता है। मुझे भरोसा है कि ये युवा अपने परिवार और समुदाय में जागरूकता फैलाकर सकारात्मक बदलाव लाएँगे।

प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक ने सुरक्षित स्वास्थ्य व्यवहार और सामाजिक संदेशों को सरल भाषा में व्यक्त किया, जिससे सीख को व्यवहार में उतारना और समुदाय तक पहुँचाना आसान हुआ। यह आयोजन बालको सामुदायिक विकास के समग्र स्वास्थ्य सशक्तिकरण मिशन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के समापन पर सरकारी वरिष्ठ अधिकारियों और बालको सीएसआर नेतृत्व ने प्रशिक्षित युवाओं को अपने समुदायों, मित्र समूहों और परिवारों में एचआईवी/एड्स, टीबी और स्वास्थ्य साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। इससे यह सुनिश्चित होगा कि 'एक प्रशिक्षित युवा, दस जागरूक नागरिकों की नींव' के सिद्धांत के अनुरूप यह पहल समाज में प्रभावी रूप से आगे बढ़े।

# छात्रों को बचना होगा नकारात्मक विचारों से : पाण्डेय

**कोरबा।** सोशल मीडिया के स्मार्ट यूजर बनें और इसका इस्तेमाल विज्ञान के वरदान की तरह करें। यह आज के दौर की युवा पीढ़ी यानी जेन जी के लिए एक पावर है। इस प्लेटफॉर्म में सकारात्मक विचारों को शामिल कर आप अपने आने वाले कल को निखारने की कारगर राह बना सकते हैं। उन्हें नकारात्मक विचारों से हमेशा खुद को बचाना होगा।



यह बातें कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा कोरबा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के दूसरे दिन द्वितीय बौद्धिक सत्र में छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि विकास पांडेय ने कही। यह सात दिवसीय विशेष शिविर पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम सिंघिया में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन हेतु मार्गदर्शन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ संजय शर्मा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ पी के सांगोड़ए हैं।

प्रथम दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सिंघिया के सरपंच मनोज कुमार टेकाम, चतुर्भुवन नायक सभापति जनपद पंचायत पोड़ी, देवनारायण डिक्सेना उपसरपंच सिंघिया, मदन सिंह शांडिल्य बीआर जाटवर कार्यक्रम अधिकारी सेजेस स्कूल सिंघिया रहे। चतुर्भुवन नायक सभापति जनपद पंचायत पौड़ी ने अपने उद्बोधन में युवा को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया । बीआर जाटवर कार्यक्रम अधिकारी सेजेस ने रासेयो शिविर के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय कोरबा ने छात्रों को ग्राम पंचायत सिंघिया में रहकर कृषि एवं कृषक के साथ मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए। दोपहर में बौद्धिक चर्चा में प्रथम सत्र की मुख्य अतिथि रही श्रीमती संगीता साव प्राचार्य सेजेस स्कूल सिंघिया ने अपने छात्र जीवन का उल्लेख करते हुए रासेयो में किए कार्यों को याद किया और विद्यार्थियों को समाज कल्याण के लिए प्रेरित किया। डॉ जीपी भास्कर वरिष्ठ प्राध्यापक ने स्कूली बच्चों एवं रासेयो के छात्रों को रबी फसल के विषय में विस्तृत जानकारी दिया। शिविर का आयोजन डॉ रोशन भारद्वाज कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना एवं डॉ साधना साहा के द्वारा किया जा रहा है।






स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com